CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 348 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 12 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा ने बजट को लेकर छात्राओं, किसानों, कृषक संगठनों, डेरी संगठन, पशुपालकों से किया संवाद : बेमिसाल होगा बजट !

## उपभोक्ता फोरम से जुड़े लोगों से भी की चर्चा, पिछले कुछ दिनों से कई कई घंटे तक रोजाना बजट को लेकर कर रहे चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से रोजाना कई कई घंटे तक विभिन्न क्षेत्र से जुड़े लोगों से बजट को लेकर गंभीरता से सामूहिक चर्चा कर रहे हैं वैसे तो मुख्यमंत्री शर्मा हर बार ही बजट को लेकर काफी गंभीर और सजग रहे हैं लेकिन इस बार वे आगामी बजट को लेकर कुछ ज्यादा ही सक्रिय और गंभीर दिख रहे हैं। बजट का आकार और स्वरूप तैयार करने के लिए जिस तरह से अब तक उन्होंने विभिन्न क्षेत्र से जुड़े लोगों से और जनप्रतिनिधियों से गहनता से अलग-अलग दौर में मीटिंग करके चर्चा की और चर्चा में जो सुझाव मिले उन सुझाव को भी मुख्यमंत्री शर्मा काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं। उससे ऐसा दिख रहा है कि इस बार अगले महीने राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत होने जा रहा बजट पिछले सभी बजट के मुकाबले समावेशी स्पर्शी और बेमिसाल हो सकता है इसकी वजह यह भी बताई जा रही है कि एक तरफ जहां प्रदेश में बहुत जल्दी ही पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित होने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश सरकार ने 2 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आने वाले 3 साल में प्रदेश की जनता का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए और भी कुछ नए कदम और नई योजनाएं प्रदेश की जनता को समर्पित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहे हैं इसीलिए पिछले कुछ दिनों से वे अपनी दिनचर्या का अधिकांश समय बजट की रूपरेखा तैयार करने और बजट के संदर्भ में लोगों से चर्चा करने में ही व्यतीत कर रहे हैं जो यह दिखाता है कि मुख्यमंत्री शर्मा आगामी बजट को लेकर कितने एक्टिव हैं जानकारी के अनुसार रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सबसे पहले हाई प्रोफाइल एजुकेशन से ताल्लुक रखने वाली वे छात्राएं जो सामाजिक कार्यों में ज्यादा दिलचस्पी लेती हैं और सामाजिक कार्यों में अपना करियर बनना चाहती हैं उन छात्रों के साथ उन्होंने काफी देर तक संवाद किया और आगामी बजट के बारे में छात्राओं से सुझाव भी मांगे बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने बालिका शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह के नवाचार और कई तरह के बड़े फैसले लिए हैं इसके अलावा महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए भी हमारी डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही हैं जिसके अच्छे नतीजे भी आए हैं ।महिलाएं तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और महिलाओं में आत्मनिर्भरता लगातार बढ़ रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को पूरा अवसर पर पूरा मौका दे रही है और उन्हें हर क्षेत्र में प्रोत्साहित और प्रेषित कर रही है इसी का नतीजा है कि राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र में रह रही महिलाएं भी खुद का रोजगार स्थापित करके अपने परिवार को आर्थिक संबल देने के अलावा राजस्थान और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने छात्रों से कहा कि प्रदेश में नारी शक्ति कौशल विकास से तेजी से प्रगति कर रही है और यह एक बहुत बड़ा बदलाव राजस्थान में महिलाओं में देखने को मिला है बातचीत में छात्राओं ने बजट को लेकर अपनी सलाह और सुझाव भी दिए जिन पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बजट तैयार करने में छात्रों की ओर से आए सुझाव काफी सहायक साबितहोंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को ही प्रदेश के किसानों, डेयरी संगठन, पशुपालक कृषक संगठन इत्यादि से बजट को लेकर गंभीरता से चर्चा की और बजट के लिए सभी से सुझाव और सलाह भी ली बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले 2 साल में किसान और खेती के विकास और कल्याण के लिए सरकार की ओर से लिए गए निर्णय और योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आगामी बजट में किसान और खेती के विकास में और क्या कदम उठाए जा सकते हैं इसके बारे में बैठक में मौजूद कृषक संगठनों के पदाधिकारी और प्रगतिशील और उन्नत किसानों से सलाह ली। बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी बताया कि सरकार खेती में ज्यादा से ज्यादा नवाचार और नए प्रयोग करने की दिशा में ज्यादा काम कर रही है इसके अलावा किसान की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले तथा किसान को उसके गांव में ही भंडारण की अच्छी व्यवस्था मिल जाए इस दिशा में भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है इस संदर्भ में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में मौजूद कृषक संगठनो और किसानों से उनकी सलाह ली बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले 2 साल में सरकार की ओर से पशुपालन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बैठक में मौजूद पशुपालकों से इस क्षेत्र में और प्रगति करने के लिए आवश्यक सुझाव लिए इसके लिए विभिन्न डेरी संगठनों से जुड़े लोगों से भी मुख्यमंत्री शर्मा ने विस्तार से बातचीत की प्रदेश की कई विभिन्न डेयरी के निर्वाचित प्रतिनिधि बैठक में मौजूद थे। राजस्थान डेरी सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में सरस की विकास यात्रा तेजी से पूरे देश में आगे बढ़ रही है इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने सरस डेयरी से जुड़े सभी लोगों को बधाई प्रेषित की लेकिन प्रदेश में और उत्कृष्ट और विकसित करने के लिए सरकारी स्तर पर क्या प्रयास किया जाए इसके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में मौजूद लोगों से सलाह ली रविवार को ही मुख्यमंत्री शर्मा ने उपभोक्ता फोरम से जुड़े लोगों से भी काफी देर तक बजट को लेकर चर्चा की और उनसे आवश्यक सुझाव मांगे ।

# भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला, नगर निकायों में फ्री होल्ड पट्टा जारी कर सकेंगे आयुक्त

## प्रदेश में कई नगर निकायों में बोर्ड का कार्यकाल खत्म होने से एसडीएम एडीएम और संभागीय आयुक्त बने हुए हैं प्रशासक, सभी के सिग्नेचर जरूरी होने से पट्टा जारी करने में आ रही थी दिक्कत, अब अकेले आयुक्त के सिग्नेचर ही काफी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में लोगों की पट्टा संबंधी गंभीर समस्या को देखते हुए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए नगर निकाय के आयुक्त को पट्टा जारी करने का अधिकार दे दिया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कई नगर निकायों में बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने की वजह से सरकार की ओर से नगर पालिका नगर परिषद और नगर निगम में आगामी चुनाव तक प्रशासक की नियुक्ति की गई है जिसमें एसडीएम, एडीएम और संभागीय आयुक्त को प्रशासक बनाया गया है इस स्थिति में पट्टा जारी करने में नगर निकायों मे प्रशासक आयुक्त और अन्य कई अधिकारियों के सिग्नेचर के बाद ही पट्टा जारी किया जा सकता था जिसकी वजह से नगर निकाय में पट्टा वितरण कार्य बुरी तरह से बाधित हो रहा था। अगर किसी पट्टा संबंधी फाइल पर नगर निकाय के आयुक्त ने हस्ताक्षर कर दिए लेकिन इस फाइल पर संबंधित प्रशासक ने हस्ताक्षर नहीं किया तो फिर यह पट्टा जारी नहीं हो पता था प्रशासक के पास काफी दिनों तक फाइल हस्ताक्षर के लिए ही टेबल पर पड़ी रहती थी इसलिए जरूरतमंद लोगों को अपना पट्टा लेने के लिए बार-बार नगर निकाय दफ्तर के चक्कर काटने पड़ रहे थे इसके बावजूद भी उसे पट्टा नहीं मिल पा रहा था इस समस्या को प्रदेश की सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है और अब नगर निकाय के आयुक्त को ही पट्टा जारी करने का अधिकार दे दिया है अब नगर निकाय के आयुक्त के सिग्नेचर से ही फ्री होल्ड पट्टा वांछित व्यक्ति को जारी कर दिया जाएगा। भजनलाल सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के उन लोगों ने खुशी जाहिर की है जो अपना पट्टा प्राप्त करने के लिए नगर निकाय के दफ्तर के चक्कर काट कर थक चुके थे। सरकार के इस निर्णय से ऐसे लोगों को अब राहत मिली है इसके अलावा भले ही पार्षद का कार्यकाल समाप्त हो गया हो और उसके हाथ में कोई भी अधिकार नहीं हो लेकिन वह अपने क्षेत्र के लोगों का ठीक उसी तरह से अब भी नेता बना हुआ है जैसे वह पहले पार्षद पद पर रहते हुए रहा करता था इसलिए ऐसे लोगों ने भी सरकार के इस निर्णय पर खुशी जाहिर की है । जानकार लोगों का कहना है कि अभी प्रदेश में नगर निकाय के चुनाव संपादित होने में कुछ महीनो का समय लगेगा ऐसे में सरकार की ओर से आयुक्त के सिग्नेचर पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के निर्णय से लोगों को राहत मिलेगी प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के लोगों को ज्यादा से ज्यादा पट्टा देने के लिए पहले से ही काफी गंभीर थी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पट्टा देने के लिए ही भजनलाल सरकार ने शहर और गांव दोनों ही जगह पर विशेष शिविर का भी आयोजन करवाया था लेकिन इन शिविर के बावजूद भी सैकड़ो लोग ऐसे थे जिन्हें कई कारण की वजह से पट्टा नहीं मिल पाया था बाद में जब नगर निकाय का कार्यकाल खत्म हो गया तो यह परेशानी और ज्यादा बढ़ गई क्योंकि प्रशासक के कार्यभार संभालने से प्रशासक नगर निकाय को अपना पूरा समय नहीं दे पता था इसलिए उनकी टेबल पर पट्टा जारी करने संबंधी फाइल कई दिनों तक सिर्फ हस्ताक्षर के लिए ही पड़ी रहती थी लेकिन अब आयुक्त अपने स्तर पर ही सिग्नेचर करके जरूरतमंद लोगों को फ्री होल्ड दुपट्टा जारी कर दिया करेगा ।



# विजयन सरकार पर साधा निशाना, बोले- राज्य में भाजपा की बढ़ रही पकड़

जयपुर टाइम्स



**तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)** केरल में इस साल होने वाले विधासनभा से पहले राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच रविवार को केरल दौर पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साथ कई मामलों को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ विजयन सरकार पर तीखा हमला बोला। तिरुवनंतपुरम में केरल कौमुदी द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया, न्यू केरल' सम्मेलन में शाह ने एक साथ कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय दी। उन्होंने केरल के आर्थिक विकास, राजनीति और सुरक्षा से जुड़े कई सवालों उठाए। सम्मेलन में शाह ने कहा कि अमित शाह ने कहा कि 2004-2014 में यूपीए सरकार ने केरल को 72,000 करोड़ रुपये दिए, जबकि 2014-2024 में एनडीए सरकार ने 3,23,000 करोड़ रुपये दिए, बावजूद इसके कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार नहीं थी। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर आरोप लगाया कि वे गलत तरीके से यह प्रचार कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी केरल के खिलाफ हैं, जबकि वास्तव में उनके शासन में ही राज्य के साथ अन्याय हुआ।

### पीएम मोदी की नेतृत्व शैली और विकास पर जोर

इस दौरान अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व शैली और विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहल से राजनीति प्रदर्शन आधारित हो रही है, शिकायतों पर नहीं, बल्कि समाधान और विकास पर ध्यान है। उन्होंने कहा कि विकास और समानता के लिए राजनीति की जड़ता और शिकायतों से आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के दबाए गए लोग अब मौन नहीं रहेंगे और जनता को सशक्त बनाना ही सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अमित शाह ने अपने भाषण में केरल में निवेश, विकास, सुरक्षा और राजनीति में बदलाव की दिशा को प्रमुखता से बताया। साथ ही कहा कि एनडीए के नेतृत्व में केरल का भविष्य विकसित और मजबूत बन सकता है।

### केरल की अर्थव्यवस्था और विकास

अमित शाह ने कहा कि केरल की अर्थव्यवस्था सिर्फ प्रवासी मजदूरों की रेमिटेंस पर आधारित है, यह लंबे समय में राज्य के हर नागरिक को फायदा नहीं पहुंचा सकती। उन्होंने रेमिटेंस का स्वागत किया, लेकिन कहा कि राज्य के विकास के लिए और उपाय जरूरी हैं।

### राजनीतिक बदलाव और भविष्य की योजना पर भी की बात

इस दौरान शाह ने केरल में एनडीए की योजना को लेकर भी बातें की। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा और एनडीए की पकड़ बढ़ रही है। 2014 में भाजपा को 11', 2019 में एनडीए को 16' और 2024 में 20' वोट मिले। हाल के स्थानीय निकाय चुनावों में पहली बार तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बैठा है। उन्होंने कहा कि केरल को नई विचारधारा, नया नेतृत्व और नई राजनीति की जरूरत है, जिसे केवल भाजपा और एनडीए दे सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि जब पीएफआई, एसडीपीआई और जामियत-ए-इस्लामी जैसी संगठन राज्य में सक्रिय हैं और शांति में विश्वास नहीं रखते, तो यह केरल की एकता और विकास के लिए खतरा है।

# मनरेगा सिर्फ खड्डा खोदने और भरने के लिए ही थोड़ी है : गजेंद्र सिंह शेखावत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं)** केंद्रीय मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश भर में मनरेगा के समर्थन में किए गए प्रदर्शन को लेकर कहा कि राहुल गांधी प्रियंका गांधी ने खुद मनरेगा में व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार होने की बात कही थी इसके अलावा पूरे देश भर में मनरेगा में भ्रष्टाचार और कई तरह की गड़बड़ियां होने की खबरें शिकायतें अक्सर मिलती रहती थी अब अगर इस योजना में बदलाव किया गया है अब बदलाव किया गया है अब अगर केंद्र सरकार ने इस योजना कोपारदर्शक और मजबूत बनाने के लिए बदलाव किया है तो फिर इस पर हंगामा क्यों हो रहा है शेखावत ने कहा कि अब से पहले भी मनरेगा में करीब 11 बार बदलाव हुए हैं उस समय किसी ने हंगामा नहीं मचाया और आपत्ति नहीं उठाई अब अगर एक बार और इस योजना में बदलाव किया गया है तो फिर आपत्ति क्यों की जा रही है शेखावत ने पत्रकारों से भी कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर में प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी समय-समय पर मनरेगा में भ्रष्टाचार की खबरें चलता रहता है इसलिए इस योजना को पारदर्शक ढंग से मजबूत बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने कार्य किया है तो इसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को आपत्ति क्यों है जबकि इन दोनों ही नेताओं ने मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला उठायाथा केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देखा जाए तो मनरेगा सिर्फ गांव में गड्ढा खोदने और भरने तक की सीमित रह गई थी तो क्या इतनी बड़ी योजना सिर्फ गड्ढा खोदने और भरने के लिए ही बनी हुई थी उन्होंने कहा कि राज्यों में इस योजना में हजारों करोड़ों रुपए व्यर्थ बर्बाद हो रहे थे योजना का समुचित फायदा नहीं मिल पा रहा था योजना फर्जीवाड़ा गलत दस्तावेज प्रस्तुत करना जैसे विषयों पर केंद्रित होकर रह गई थी इसलिए विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार गड़बड़ी कमियां इत्यादि को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने विकसित भारत की रामजी योजना बनाई है और इस योजना से निश्चित रूप से एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा।

# सोमनाथ का इतिहास विनाश या पराजय का नहीं बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को संबोधित किया

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को संबोधित किया । इस मौके पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह समय ऐसा धारण है यह वातावरण असाधारण है और यह उत्सव भी ऐसा धारण है उन्होंने कहा कि यहां एक और स्वयं भगवान महादेव विराजमान हैं तो दूसरी ओर विशाल समुद्र की लहरें, सूर्य की किरणें, मंत्र की गूंज और भक्ति का प्रवाह देखने को मिलता है उन्होंने कहा कि इस दिव्य वातावरण में भगवान सोमनाथ के सभी भक्तों की उपस्थिति इस अवसर को दिव्या और भाव बना रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उन्हें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सक्रिय रूप से सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है उन्होंने 72 घंटे तक निरंतर ओमकार का जाप और मित्रों के निरंतर पाठ का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम 1000 ड्रोन और वैदिक गुरुकुलों के 1000 छात्रों की उपस्थिति में सोमनाथ के हजार वर्षों की गाथा प्रस्तुत की गई और आज 108 घोड़े के साथ शौर्य यात्रा मंदिर पहुंची । उन्होंने कहा कि मंत्र और भजन की मंत्र मुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता और इस अनुभव को केवल समय ही व्यक्त कर सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह उत्सव गौरव और सम्मान, गरिमा और ज्ञान, भव्यता और विरासत, आध्यात्मिकता औरआत्मीयता, अनुभव, आनंद और आत्मीयता का प्रतीक है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा कि यह त्यौहार केवल 1000 वर्ष पूर्व हुए विनाश की स्मृति नहीं है बल्कि यह हजारों वर्ष की यात्रा के साथ-साथ भारत के अस्तित्व और गौरव का उत्सव है उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हर कदम और हर पड़ाव पर सोमनाथ और भारत के बीच अनूठी समानताएं देखी जा सकती हैं जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के अगणित प्रयास हुए इस प्रकार सदियों तक विदेशी आक्रमण कार्यो ने भारत को नष्ट करने का प्रयास किया फिर भी न तो सोमनाथ नष्ट हुआ है और नहीं भारत, क्योंकि भारत और उसके धार्मिक स्थल अविभाज्य रूप से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं उन्होंने कहा कि हमें 1000 वर्ष पूर्व के इतिहास की कल्पना करनी चाहिए जब 1026 ईस्वी में महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर पहली बार आक्रमण किया और उसे नष्ट कर दिया और यह मान लिया कि उसने मंदिर का अस्तित्व ही मिटा दिया है लेकिन कुछ ही सालों में सोमनाथ का पुनर्निर्माण हुआ और 12वीं शताब्दी में राजा कुमार पाल ने मंदिर की शानदार तरीके सेमरमट करवाई उन्होंने कहा कि 13वीं शताब्दी के अंत में अलाउद्दीन खिलजी ने एक बार फिर सोमनाथ पर आक्रमण करने का साहस किया लेकिन जालौर के शासक ने खिलजी की सेनन के खिलाफ बहादुरी से युद्ध किया चौधरी शताब्दी के आरंभ में जूनागढ़ के राजा ने एक बार फिर मंदिर की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित किया और बाद में इस शताब्दी में मुजफ्फर खान ने सोमनाथ पर आक्रमण किया लेकिन इसका प्रयास भी सफल रहा इस तरह से सालों से विदेशी आक्रमणकारी आते रहे धार्मिक आतंक के नए हमले होते रहे लेकिन हर युग में सोमनाथ का बार-बार पुनर्निर्माण हुआ उन्होंने कहा कि ऐसा सदियों लंबा संघर्ष, निरंतर प्रतिरोध, पुनर्निर्माण में असीम धैर्य, रचनात्मक और दृढ़ता, संस्कृति और आस्था में अटूट विश्वास विश्व इतिहास में अद्वितीय है द्य मोदी ने कहा कि जब गजनी से लेकर औरंगजेब तक के आक्रमण कार्यो ने सोमनाथ पर हमला किया तो उन्हें लगा उनकी तलवारे शाश्वत सोमनाथ पर विजय प्राप्त कर रही है लेकिन वह यह समझने में सफल रहे की सोम नाम से ही अमृत का सारांश समाहित है जिसमें विश ग्रहण करने के बाद भी अमर रहने का विचार निहितहै उन्होंने कहा कि सोमनाथ में सदाशिव महादेव की चेतन शक्ति निवास करती है जो दयाल भी है और उग्र प्रचंड तांडव शिव भी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ को नष्ट करने के इरादे से आए लोग आज इतिहास के चंद्र पन्नों में सिमट कर रह गए हैं जबकि सोमनाथ का मंदिर विशाल समुद्र के किनारे शान से खड़ा है और इस पर आस्था का ध्वज शान से लहरा रहा है द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य वास आज भी देश में सोमनाथ पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकते सक्रिय हैं हालांकि अब भारत के खिलाफ साजिश तलवारों के बजाय अन्य दुर्भावना पूर्ण तरीकों से रची जा रही है उन्होंने सतर्कता, शक्ति, एकता और लोगों को विभाजित करने वाली हर ताकत को पराजित करने का आवाहन किया द्य मोदी ने कहा कि जब हम अपने धर्म अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं और अपनी विरासत को पूरे गर्व के साथ संरक्षित करते हैं तभी हमारी सभ्यता की नींव मजबूत होती है उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष तक सफर हमें अगले हजार वर्षों के लिए तैयार होने की प्रेरणा देता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया कि सोमनाथ मंदिर के आशीर्वाद से मिली ऊर्जा के बल पर भारत अपने गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा गरीबों के खिलाफ लड़ाई जीतेगा और विकास के नए स्तर हासिल करेगा जिसका लक्ष्य विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर और उससे भी आगे बढ़ाना है उन्होंने कहा कि आज भारत विरासत से लेकर विकास तक की प्रेरणाओं के साथ आगे बढ़ रहा है और सोमनाथ इन दोनों का प्रतीक है ।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
12 जनवरी, 2026

## रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर ने पिकनिक के साथ मनाया नववर्ष

### सरिस्का फ़न सिटी में पारंपरिक खेलों व मनोरंजक गतिविधियों के बीच हुआ उत्सव



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर द्वारा परिवार सहित पिकनिक का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया। यह आयोजन सरिस्का फ़न सिटी में दिनभर चला, जिसमें सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि पिकनिक के दौरान बचपन की यादों को ताज़ा करने वाले पिठु, रस्साकशी, रूमाल झपट्टा, क्रिकेट, राउंडल, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर सहित अनेक पारंपरिक एवं मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ सदस्यों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक निर्मल रस्तोगी रहे, जबकि सह संयोजक सुनील अग्रवाल, मनीष जैन, दीपकमल अरोड़ा, प्रवीण खंडेलवाल, बबीता अग्रवाल एवं अवि जैन ने आयोजन को सफल एवं यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सशक्त एंकरिंग मनीष जैन ने अपने विशिष्ट अंदाज़ में की। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल क्रांति मेहता, पवन खंडेलवाल, सहायक प्रांतपाल राजेश सिंघल, वरिष्ठ सदस्य मदनमोहन खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष के.के. खंडेलवाल, सुरेश गोयल, सुरेश गुप्ता, ललित कुमार, जितेंद्र खुराना, आगामी अध्यक्ष नीलू जैन, मुकुंद गुप्ता सहित अनेक रोटेरियन अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव ऋषि मित्तल ने सभी सदस्यों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्याम मित्र मंडल की बैठक हुई आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्याम मित्र मंडल की बैठक हुई जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 वा श्री खाटू श्याम जी का विशाल जागरण भजन संध्या की तैयारियां को लेकर मीटिंग की गई इसमें यह निर्णय लिया गया कि पूर्ण भक्ति की गंगा 13 से 15 जनवरी तक प्लॉट नंबर 169 अपनाघर शालीमार में श्याम - संकीर्तन महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की आयोजन बंदिया पारीक और योगेश परीक ने बताया कि 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे मेहंदी का कार्यक्रम होगा। 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे भक्ति धाम मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। रात 8.15 बजे अपनाघर शालीमार एक्सटेंशन गेट नंबर 3 के पास श्याम संकीर्तन होगा। इस अवसर पर श्याम बाबा का आलौकि दरबार सजाया जाएगा। 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। पुष्प वर्षा की जाएगी, पांच लकी ड्रा निकाले जाएंगे भजन गायक महेंद्र अमन, कमल कान्हा, विकास सोनी, आशीष शर्मा रहेंगे एवं 15 जनवरी को सुबह 11 बजे भंडारे का आयोजन होगा। मीटिंग में अनिल शर्मा, गौरव शर्मा, प्रतिभा शर्मा, श्वेता, ज्योति, पं विवेकानन्द शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नववर्ष, लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पर्व पर कढ़ी कचोरी के प्रसाद का किया वितरण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर की ओर से रविवार को नववर्ष, लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर कढ़ी कचोरी का प्रसाद का वितरण किया गया। मंडल के प्रवक्ता जितेंद्र सेतिया ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा, आशीर्वाद और मंडल के सभी सदस्यों के सहयोग से श्री श्याम नवयुवक मंडल के तत्वावधान में रविवार को लोहड़ी व मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर अशोका टाकीज विवेकानंद चौक पर मंडल के सभी सदस्यों द्वारा बाबा श्याम की आरती की गई। इसके उपरांत भोग लगाकर सुबह 10 बजे से कढ़ी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यो का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। काफी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मण्डल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




## जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, नई कार्यकारिणी निर्वाचित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव जय कृष्णा क्लब, अलवर में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर दिनेश भार्गव, सचिव पद पर देवेंद्र सिंह रावत तथा कोषाध्यक्ष पद पर विनीत जुनेजा निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर साधना शर्मा, दीपक गर्ग, महावीर प्रसाद राजोरिया एवं राकेश शर्मा चुने गए। संयुक्त सचिव विशन कालरा, संजय शुक्ला, भूपेंद्र सिंह राठौड़ एवं विकास शर्मा निर्वाचित हुए। कार्यकारी सदस्य पद पर त्रिलोक टोंगडा एवं अमिताभ शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान मुक्केबाजी संगठन के अध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी एवं सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण, क्षेत्रीय खेलकूद परिषद से पर्यवेक्षक जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, तथा जिला ओलंपिक संघ से पर्यवेक्षक पन्ना सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने नवनिर्वाचित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और सभी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एआई और सोशल मीडिया के दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता पर गंभीर मंथन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सूचना और तकनीक के तेज़ी से बदलते दौर में एआई व सोशल मीडिया जहां खबरों की दिशा तय कर रहे हैं, वहीं निष्पक्ष, जिम्मेदार और तथ्यपरक पत्रकारिता के समक्ष नई चुनौतियां भी खड़ी हो गई हैं। इन्हीं मुद्दों पर गंभीर विमर्श के उद्देश्य से जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) अलवर इकाई की ओर से 'एआई और सोशल मीडिया के युग में निष्पक्ष पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एडिशनल एसपी (ग्रामीण) प्रियंका रघुवंशी, नगर विकास न्यास के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा, इतिहासविद हरि शंकर गोयल, समाजसेवी खेम सिंह आर्य, शिक्षाविद महिपाल सिंह शेखावत, पंकज अग्रवाल, व्यापार महासंघ से महेंद्र गोयल, समाजसेवी दौलत राम हजरती, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी नारायण लक्ष्य तथा व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष अभिषेक तनेजा ओर समाजसेविका रेखा महलावत सहित जिले भर से आए पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र अदलक्खा ने किया। अतिथियों एवं पत्रकारों का स्वागत अमन कपूर, अजय सैनी, सुजीत कुमार, रोहित शर्मा, पियूष दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर जार अलवर इकाई के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पत्रकारों के लिए शीघ्र ही परिचय पत्र जारी करने की घोषणा की। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि तकनीक के दबाव के बावजूद पत्रकारिता का मूल आधार—सत्य, निष्पक्षता और जनहित—हर हाल में बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



## मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने उपवास रख जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर इस जनकल्याणकारी योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा रविवार, दिनांक 11 जनवरी 2026 को नगर निगम कार्यालय के बाहर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष प्रातः 11 बजे से उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने की। उपवास कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने बताया कि मनरेगा गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण भारत के लिए जीवनरेखा है। केंद्र सरकार द्वारा इसके बजट में कटौती, भुगतान में देरी और नियमों में बदलाव कर योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी मनरेगा के मूल स्वरूप की रक्षा और ग्रामीण जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। राष्ट्रगान के साथ उपवास कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी फूल सिंह ओला, विधायक मांगेलाल मीणा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सफिया जुबेर, अजीत यादव, अशोक सैनी, आर्यन जुबेर, गफूर खान, जोगेन्द्र कोचर, पुष्पेन्द्र धाबाई, गब्बर मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, कमलेश सैनी, नसरु खान, जाकिर खान, लियाकत खान, जीतकौर सांगवान, लीली यादव, सुनील बोहरा, राकेश बैरवा, अनवर साजिदखान, रामफल चेयरमेन, विश्राम गुर्जर, हरिशंकर रावत, रामबहादुर सिंह तँवर, दीनबन्धु शर्मा, मौसमदेवी जिला पार्षद, जयराम पायलट, हिरेन्द्र शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, रामकिशन बेरवा, दशरथ सिंह, प्रशांत राजा, परमेंद्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, रमन सैनी, दीपेंद्र सैनी, नरेंद्र मीणा, शशिकला, गौरी शंकर विजय, रिपु दमन गुप्ता, एस आर यादव, जगदीश सिंघल, कमल सेन, महेंद्र गोयल, अनिल जैन, विशाल बौद्ध सहित अनेक कांग्रेसी कर्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर 5वां युवा रत्न सम्मान समारोह आयोजित

### चौधरी चरण सिंह विचार मंच के तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन हुए सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में चौधरी चरण सिंह विचार मंच के तत्वावधान में सरस्वती सभागार, रामनगर एन.ई.बी., अलवर में 5वां युवा रत्न सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करना तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक अलवर ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी रहीं। विशिष्ट अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सुनील चौहान एवं अति. जिला शिक्षा अधिकारी मधुकर गुप्ता रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र गोयल थे, जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद एन.सी. शर्मा ने की। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और उनके प्रेरक विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट जनों को युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमें राजस्थान बालिका बास्केटबॉल कोच दीपिका अरोड़ा, विशिष्ट लोक अभियोजक पंकज यादव, समाजसेवी हरीश जैन, अंतरराष्ट्रीय भपंग वादक जाकिर खान, लोक गायक असलम भारती, स्केच आर्टिस्ट डी.सी. वर्मा, योग गुरु नितिन शर्मा व युवराज सैनी, गौ सेवक नत्थू कमवाल, शिक्षा क्षेत्र में अंजना अग्रवाल, सुमित शर्मा एवं देवेंद्र थाड़ीवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक मयंक शर्मा व हरीश गुप्ता तथा सह संयोजक चेतन शर्मा रहे। समारोह में दीपक सैनी, विकास तिवारी, कृष्ण अग्रवाल, श्याम गुप्ता, खुशीराम, विशाल रावत, विजय राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुश कौशिक द्वारा किया गया।




## संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

### वेतन वृद्धि व राजकीय संस्था गठन को बजट में शामिल करने की उठी जोरदार मांग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति की जिला स्तरीय बैठक सामान्य चिकित्सालय अलवर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान राज्य कर्मचारी भामसं के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने की, जबकि संचालन समिति के प्रदेशाध्यक्ष यश जोशी के नेतृत्व में हुआ। बैठक में प्लेसमेंट संविदा कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी, राजकीय संस्था गठन की प्रक्रिया को आगामी बजट में शामिल करवाने, तथा संगठन की नीतियों को जिले के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों तक पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों के हितों की अनदेखी अब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

भामसं जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने कहा कि राजस्थान में संविदा प्लेसमेंट पर कार्यरत कर्मचारियों पर विभागों में ठेका प्रथा हावी है, जिसके चलते कर्मचारी निरंतर शोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान में संविदा कर्मचारियों से कम न्यूनतम मजदूरी दर पर कार्य कराया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग की वार्ड बॉय इकाई की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कृष्ण कुमार को जिलाध्यक्ष, मुरली सैन को जिला महामंत्री तथा आलोक शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समय सिंह, यश जोशी, अजीत जादौ, रमन सिंह, सुनील कुमार, रवि सिंह, हुकम प्रजापत, लालाराम, रेखा, सुषमा, गीता, मोनिका, रजनी, अमित शर्मा, रजन्ती, कृष्ण अवतार, अनीश ख़ान, यमन, उमंग, नरेंद्र मिश्रा, नरेश कुमार, महेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में संविदा प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।



## विधायक महंत बालकनाथ योगी जी ने विधानसभा क्षेत्र में की सुनवाई

### जनता की सेवा को बताया, जीवन का लक्ष्य, पेपर लीक वाली नहीं, युवाओं का भविष्य संवारने वाली है भाजपा सरकार- महंत बालकनाथ

जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र तिजारा में विधायक महंत बालकनाथ योगी ने भिवाड़ी, टपूकडा और तिजारा में जनसुनवाई की।

इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तिजारा टपूकडा व भिवाड़ी में आमजन के मध्य सुरक्षित और विकास का शासन भाजपा राज में ही संभव है। कांग्रेस राज में जहा आमजन अराजकता का शिकार था वहीं भाजपा शासन में आज सुराज के संकल्प के साथ विकास की नई गाथा लिखी जा रही हैं। युवाओं के साथ अब पेपर लीक के नाम पर खिलवाड़ नहीं होता है सैकड़ों परीक्षाएं पिछले दो साल में राजस्थान सरकार के द्वारा आयोजित की गई है लेकिन पेपर लीक जैसा कुछ नहीं, उन्होंने कहा कि गांव गरीब मजदूर दलित वंचित से लेकर हर तबका आज सुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में समाज के हर तबके को साथ लेकर सम्पूर्ण प्रदेश के विकास की नींव को मजबूत करने का काम आज वर्तमान में किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में विकास के नये कार्यों को प्रगति मिली हैं आने वाले समय में क्षेत्र में उद्योग और विकास के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किए जाएंगे। क्षेत्र की जनता को कांग्रेस राज में होने वाली हत्या, लूटपाट, डकैती और अन्य संगीन अपराधों से जनता को मुक्ति मिली है। जनता की सेवा ही जीवन का लक्ष्य है और समर्पित भाव से वह इसमें लगे हुए हैं।



## मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना से जिले की हजारों महिलाओं को संबल

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश की विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को सम्मानजनक जीवन यापन के लिए नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, जिनके पास आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं है।

खैरथल-तिजारा जिले में इस योजना के तहत उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने बताया कि जिले में कुल 26,203 एकलनारी महिलाएं इस पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 21,878 तथा शहरी क्षेत्रों में 4,325 महिलाएं शामिल हैं, जो योजना की व्यापक पहुंच को दर्शाता है। योजना के तहत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की वे महिलाएं पात्र हैं, जो राजस्थान की मूल निवासी हों और वर्तमान में राज्य में निवास कर रही हों। साथ ही, आवेदिका की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय ?48,000 से कम होनी चाहिए। योजना का लाभ विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को दिया जाता है, बशर्ते वे किसी अन्य सरकारी पेंशन का लाभ न ले रही हों। राज्य सरकार द्वारा आयु के अनुसार पेंशन राशि निर्धारित की गई है। 18 वर्ष से 75 वर्ष से कम आयु की पात्र महिलाओं को 1,250 प्रतिमाह, जबकि 75 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाओं को ?1,500 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से जमा कराई जाती है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक पात्र महिलाएं राजस्थान सरकार के स्स्ह पोर्टल के माध्यम से RajSSP सामाजिक सुरक्षा पेंशन पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदन की सुविधा नजदीकी ई-मित्र केंद्रों पर भी उपलब्ध है, जहां नाममात्र शुल्क पर आवेदन किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूकता का संदेश

## ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सामाजिक जिम्मेदारी : डॉ. मोहित जसवंत यादव

### सतीश अस्पताल नीमराना द्वारा बिचपुरी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** रविवार को नीमराना क्षेत्र के बिचपुरी गांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता, आरसीए एडहॉक कमेटी के सदस्य एवं जिला क्रिकेट संघ, अलवर के अध्यक्ष डॉ. मोहित जसवंत यादव ने सहभागिता की। सार्वजनिक चौपाल, बिचपुरी में आयोजित इस शिविर का आयोजन सतीश अस्पताल, नीमराना के सौजन्य से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच की सुविधा का लाभ लिया। डॉ. मोहित ने शिविर स्थल पर पहुंचकर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, डॉक्टरों की टीम से जानकारी ली तथा स्वास्थ्य जांच करा रहे ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है और ऐसे निःशुल्क शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत प्रदान करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। जब स्वास्थ्य सेवाएं गांव तक पहुंचती हैं, तो समाज का हर वर्ग लाभान्वित होता है।' डॉ. मोहित ने सतीश अस्पताल, नीमराना की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों के रक्तचाप, शुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डॉ. मोहित जसवंत यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और सहयोग से इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों को व्यापक समर्थन मिलता है। शिविर को लेकर गांव में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस दौरान उनके साथ समस्त ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पुलिस ने होटल पर मारा छापा, ऑनलाइन गेम से धोखाधड़ी कर रहे गिरोह के लोगों को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सिरोही जिले के स्वरूपगंज थाना इलाके में स्थित होटल राजहंस पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया होटल में छापवर कार्रवाई में होटल में बैठकर ऑनलाइन गेम के माध्यम से लोगों को बड़ा लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले तीन लोगों को अरेस्ट किया है पुलिस ने मौके से मोबाइल, फोन, दो कार, लैपटॉप एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि समान डिजिटल डाटा इत्यादि बरामद किए हैं पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों की गतिविधियों की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद किए गए डिजिटल डाटा लैपटॉप इत्यादि के माध्यम से उनके संपर्क सूत्रों का पता लग रही है और अब से पहले इन्होंने किन-किन लोगों को मोटा लालच देकर अपने जाल में फसाया और धोखाधड़ी से कितने पैसों की काली कमाई की और कमाए गए पैसों को कहां-कहां इन्वेस्ट किया इसके बारे में पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों के निकट के परिजनों के बैंक अकाउंट्स के बारे में भी छानबीन की जा रही है पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि ऑनलाइन गेम के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त मोटा लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनसे पैसा वसूल कर रहे थे ।

## वीबी जी राम जी योजना में कांग्रेसियों को किन-किन बिन्दुओं पर है आपत्ति, करें स्पष्ट ? : मुकेश दाधीच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास अब धरने के अलावा कुछ भी शेष नहीं बचा है। पहले कांग्रेस ने जनता को मत के लिए भ्रमित करने का प्रयास किया और अब ईश्वर ने उनकी मति ही भ्रमित कर दी है। कांग्रेस देश की जनता को केवल गुमराह करने का काम कर रही है।



दाधीच ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनरेगा की तुलना में वीबी जी रामजी योजना में सुधार करते हुए मोदी सरकार ने रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का काम किया है। इसके बावजूद कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर जनता को केवल लटकाने और भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने 5 साल के लिए कांग्रेसियों को मौन रहने के लिए ही दिए है। इस लिए वे मौन रहे और भाजपा की भजनलाल सरकार के विकास कार्यों को पूरा होते देखें। दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार जनहितैषी निर्णय ले रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लगातार एक के बाद एक प्रतियोगी परीक्षाओं का सफल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने सितंबर 2025 में लगभग 10 हजार पदों पर कांस्टेबल भर्ती की विज्ञप्ति जारी की और महज चार माह में भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। इसके विपरीत, कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में अधिकांश भर्तियां पेपर लीक के कारण अधर में लटकी रहीं जिससे लाखों युवाओं के भविष्य के साथ कुठाराघात किया गया। दाधीच ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है पारदर्शिता, रोजगार और जनकल्याण, जबकि कांग्रेस आज भी केवल नकारात्मक राजनीति और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है।

## मुख्यमंत्री यह बताएं कि मनरेगा में फंडिंग पैटर्न में बदलाव से प्रदेश के खजाने पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ेगा : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बयानों को वैचारिक दिवालियापन और प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलताओं से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया है। जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि जिस भाजपा की मूल विचारधारा और नीतियां सदैव गांधीवादी मूल्यों के विपरीत रही हों, वह आज कांग्रेस को पाठ न पढ़ाए। महात्मा गांधी का सिर्फ फोटो-ऑप के लिए इस्तेमाल करने वाली भाजपा को कांग्रेस की गौरवशाली विरासत पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। जूली ने कहा कि मदन राठौड़ चुनाव चिन्हों की



गिनती कर रहे हैं, लेकिन वे यह भूल गए कि कांग्रेस ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और समावेशी भारत के सिद्धांतों को कभी नहीं छोड़ा जबकि भाजपा गांधीजी के नाम का उपयोग केवल फोटो सेशन के लिए करती है तथा उसका गांधी जी के दर्शन में कोई विश्वास नहीं है। जूली ने मदन राठौड़ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को कांग्रेस के चुनाव चिन्ह गिनने का बहुत शौक है लेकिन बेहतर होता कि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए जनता के दुख-दर्द गिनते। यदि भाजपा सरकार ने प्रदेश की समस्याओं पर ध्यान दिया होता तो आज उन्हें जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बहानेबाजी का सहारा नहीं लेना पड़ता। मनरेगा का नाम बदलने समेत अन्य बदलाव किए जाने के विषय पर जूली ने कहा कि भगवान श्री राम सबके हैं और हमारे हृदय में हैं लेकिन भाजपा अपनी योजनाओं की विफलता छिपाने के लिए उनके नाम को ढाल बना रही है। यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। भाजपा सरकार की नीयत योजना को बर्बाद कर देने की है, ये लोग फंडिंग पैटर्न में बदलाव कर राज्यों के वित्तीय संसाधनों को दबाव में ला रहे हैं। जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से सवाल पूछा है कि मनरेगा में फंडिंग पैटर्न में बदलाव से क्या राजस्थान सरकार की वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा या नहीं ? प्रतिपक्ष के नेता ने कन्हैयालाल हत्याकांड और सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि भाजपा अपनी वर्तमान जिम्मेदारी से भाग रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान की भाजपा सरकार यह क्यों नहीं बताते की कन्हैया लाल के परिवार को इंसाफ कब मिलेगा, कन्हैयालाल का परिवार आज भी न्याय का इन्तजार कर रहा है।

# महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस में शामिल ! सुखजिंद्र सिंह रंधावा, डोटासरा और और जूली से की मुलाकात

### मालवीय ने पत्रकारों से कहा मैं आपसे ही कांग्रेस में आ गया हूं, रंधावा ने कहा सामूहिक चर्चा करके लेंगे निर्णय

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए प्रदेश के आदिवासी अंचल के कद्दावर नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं हालांकि खबर लेकर जाने तक कांग्रेस पार्टी की ओर से इस संदर्भ में अधिकृत सूचना जारी नहीं की गई थी लेकिन मालवीय ने रविवार को जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान साफ कह दिया कि वह आज से ही कांग्रेस के हो गए हैं उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र की जनता कांग्रेस को ही पसंद करती है उन्होंने क्षेत्र की जनता के विकास के लिए भाजपा ज्वाइन की थी लेकिन क्षेत्र के लोग कांग्रेस को पसंद करते हैं और कहीं ना कहीं भाजपा में उनके लंबे समय तक टिके रहना भी उन्हें मुश्किल दिख रहा था हालांकि राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा रविवार को जयपुर में ही थे पत्रकारों से बातचीत के दौरान मालवीय के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके पास अभी कोई रिक्वेस्ट नहीं आई है और अगर रिक्वेस्ट आएगी तो सभी नेता मिल बैठकर सामूहिक चर्चा करके निर्णय लेंगे जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह मालवीय ने राजस्थान विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली से बातचीत की थी मालवीय की कांग्रेस नेताओं से हुई बातचीत के बाद ही यह तय हो गया था कि मालवीय अब कांग्रेस पार्टी में दोबारा से शामिल हो सकते हैं हालांकि उनके कांग्रेस पार्टी में दोबारा से अधिकृत रूप से खबर लेकर जाने तक वापसी नहीं हुई थी लेकिन मालवीय ने साफ कह दिया है कि वह आज से ही कांग्रेस के हो गए हैं इसलिए मालवीय अब भारतीय जनता पार्टी के साथ नहीं रहना चाहते उन्होंने कांग्रेस पार्टी में दोबारा से शामिल होने का पूरा मन बना लिया है अब देखने वाली बात यह है कि मालवीय की अधिकृत रूप से कांग्रेस पार्टी में वापसी कब होती है मालवीय पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं तीन बार विधायक भी रहे हैं कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं और दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के नेता भी आदिवासी क्षेत्र में मालवीय की मजबूत पकड़ के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में मालवीय ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर बांसवाड़ा, डूंगरपुर से चुनाव लड़ा था लेकिन भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार ने उन्हें हरा दिया था अपनी इस हार के बाद ही मालवीय को कहीं ना कहीं यह लग रहा है कि क्षेत्र के लोग उन्हें भारतीय जनता पार्टी में देखना नहीं चाहते हैं इसीलिए लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता ने उन्हें समर्थन नहीं दिया जो उनकी पराजय का बड़ा कारण बनी इसलिए मालवीय अब दोबारा से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठे हैं मालवीय के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के विषय पर दिल्ली में कांग्रेस हाई कमान ही अंतिम निर्णय लेगा गांधी परिवार के रजामंदी से ही मालवीय के कांग्रेस पार्टी में वापसी हो सकती है हालांकि मालवीय के राजनीतिक पकड़ और आदिवासी क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता से सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अच्छी तरह से वाकिफ है कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे सभी बड़े नेता मालवीय की आदिवासी क्षेत्र में मजबूत पकड़ को अच्छी तरह से समझते हैं मालवीय ने कई बार बांसवाड़ा और डूंगरपुर में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ऐतिहासिक सभाओं का आयोजन करके अपनी लोकप्रियता को साबित कर चुके हैं इसलिए अब जिस तरह से मालवीय खुद आगे बढ़कर कांग्रेस में शामिल होने की बात कह रहे हैं तो कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी आदिवासी क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखने के प्रयासों में मालवीय को जल्दी से जल्दी कांग्रेस पार्टी में शामिल कर सकती है जानकारी के अनुसार मालवीय नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने की वजह से कांग्रेस के रणनीतिकारों से नाराज हो गए थे इसलिए उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़ कर भाजपा ज्वाइन कर ली थी भारतीय जनता पार्टी ने भी आदिवासी क्षेत्र में उनकी अच्छी लोकप्रियता को देखकर बांसवाड़ा डूंगरपुर से उन्हें लोकसभा का टिकट भी दिया लेकिन मालवीय जीत नहीं पाए अब कहीं ना कहीं मालवीय को ऐसा लगने लगा है कि एक तरफ जहां क्षेत्र के लोग उन्हें कांग्रेस में देखना चाहते हैं तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी में उन्हें अपना पॉलीटिकल करियर ज्यादा लंबा दिखाई नहीं दे रहा इसीलिए उन्होंने दोबारा से कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने का मन बनाया है राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पिछले विधानसभा चुनाव और पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए कई प्रमुख नेता फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं इन नेताओं में गहलोत सरकार में मंत्री रहे नेता भी शामिल हैं जो कहीं ना कहीं भाजपा में अपने करियर को लेकर काफी टेंशन में है और वह अपनी पुरानी पार्टी की तरफ फिर से देखने लगे हैं हालांकि कुछ बड़े नेता ऐसे भी हैं जो अपने पारिवारिक बिजनेस को लेकर ज्यादा चिंतित हैं इसलिए बिजनेस संबंधी बाध्यता की वजह से यह नेता मन मारकर भारतीय जनता पार्टी में बने हुए हैं अन्यथा इन नेताओं को भी ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी में उनका पॉलीटिकल करियर नहीं चमकने वाला इसलिए अपनी पुरानी पार्टी को ही वे ज्यादा पसंद कर रहे हैं इनमें नगर निकाय के पार्षद और जिला परिषद पंचायत समिति से टुडे जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं जो भाजपा में खुद को एडजस्ट नहीं कर पा रहे इसलिए आगामी पंचायत राज चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए कई नेताओं की फिर से कांग्रेस पार्टी में वापसी हो सकती है ।

## आज,कल और परसों प्रदेश भाजपा में नहीं सजेगा मंत्रियों का दरबार

कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम फिर 3 दिन के लिए स्थगित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आजकल और परसों आयोजित किए जाने वाले मंत्रियों के कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को फिर से तीन दिन के लिए स्थापित किया गया है जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार के सभी मंत्री आज से अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में दौरे पर रहेंगे इसलिए मंत्रियों की ओर से अपने जिलों में ही जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा मंत्रियों के बिजी रहने की वजह से भाजपा कार्यालय में सजने वाला मंत्रियों का दरबार फिलहाल 12, 13 और 14 जनवरी को नहीं सजेगा जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के सभी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन करके विकसित भारत की राम जी योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देने इसके अलावा सरकार की ओर से पिछले 2 साल में जो कार्य किए हैं उनके बारे में लोगों को विस्तार से बताने तथा जिलों की समस्याओं का संकलन करने के लिए भी जिला प्रभारी मंत्रियों को कहा है इसके अलावा प्रभारी मंत्रियों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लेने के लिए भी कहा गया है इसलिए सरकार के सभी मंत्री पूरी तरह से अपने-अपने जिलों में भ्रमण करने जा रहे हैं इसलिए मंत्रियों के व्यस्त होने की वजह से एक बार फिर से आज,कल और परसों सप्ताह में शुरू के तीन दिन आयोजित होने वाले मंत्रियों के कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को स्थगित किया गया है उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पहले भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया था




क्योंकि सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर सरकार की ओर से कई तरह के कार्यक्रम निर्धारित किए गए थे इन कार्यक्रमों में बिजी रहने की वजह से मंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में नहीं आ सकते थे इसलिए पूर्व में भी कुछ दिनों के लिए कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को स्थगित किया गया था अब फिर से तीन दिन के लिए स्थगित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और सामंजस्य स्थापित करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के बैठकर कार्यकर्ताओं की सुनवाई करने का कार्यक्रम निर्धारित किया था इस कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचने भी लगे थे लेकिन बीच-बीच में इस कार्यक्रम के स्थगित होने की वजह से यह कार्यक्रम अभी ठीक तरह से गति नहीं पकड़ पा रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि सरकार के मंत्री जिलों के दौरे पर है और जिलों में उनकी ओर से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसलिए लोगों की समस्याओं का समाधान सतत रूप से जारी रहेगा ।

## पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा को दबोचा, पुलिस पर फायर करके हो गया था फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कोटा ग्रामीण इलाके में पुलिस मुठभेड़ में कोटा जिले के कुख्यात हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा को पकड़ने में सफलता मिली है क्रॉस गोलीबारी में आदिल मिर्जा के पांव में गोली लगी जिसकी वजह से वह घायल हो गया पुलिस ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया आदिल मिर्जा दो दिन पहले ही कोटा ग्रामीण जिला पुलिस की टीम पर फायर करके फरार हो गया था उसको पकड़ने के लिए पुलिस ने जोरदार तरीके से घेराबंदी की हुई थी आदिल मिर्जा कोटा ग्रामीण जिले का हार्डकोर अपराधी है और उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं पुलिस पर कई बार फायर कर चुका है इसलिए कोटा ग्रामीण पुलिस में उसके आपराधिक रिकॉर्ड का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा था आदिल मिर्जा के बढ़ते आपराधिक ग्राफ को लेकर पुलिस काफी परेशान थी इसलिए मिर्जा को दबोचने के लिए पुलिस ने कई बार विशेष प्लानिंग तैयार की दो दिन पहले भी पुलिस से बचने के लिए आदिल मिर्जा ने पुलिस की टीम पर फायर किए और वह मौके से भाग गया लेकिन पुलिस की टीम लगातार उसका पीछा कर रही थी आदिल मिर्जा के नजदीकी लोगों दोस्तों परिजनों और रिश्तेदारों के मूवमेंट पर भी पुलिस कड़ी निगरानी रखे हुए थी इस दौरान पुलिस को आदिल मिर्जा की लोकेशन का पता चला तो पुलिस ने उसको चारों तरफ से घेर लिया लेकिन एक बार फिर से पुलिस से बचने के लिए आदिल मिर्जा ने फायर करने शुरू किया जवाब में पुलिस ने भी फायर किए क्रॉस फायरिंग में पांव में गोली लगने से आदिल मिर्जा घायल हो गया इतने में ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया जानकारी के अनुसार आदिल मिर्जा के खिलाफ कोटा ग्रामीण मोदक थाने में एक और मामला दर्ज किया जा रहा है इस बार कोटा ग्रामीण पुलिस आदिल मिर्जा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के मूड में है और बताया जा रहा है कि इस बार आदिल मिर्जा की अवैध संपत्तियों और कब्जे पर पीला पंजा भी चलाया जा सकता है इसके लिए सरकार ने आवश्यक कानूनी तैयारी शुरू कर दी है क्योंकि आदिल मिर्जा पुलिस पर भी फायर करने से बिल्कुल भी नहीं घबराते और उसका अपराधिक ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है जो समाज और व्यापारिक वर्ग के लिए भी काफी चिंता का विषय बना हुआ है इसलिए इस बार कोटा ग्रामीण पुलिस उत्तर प्रदेश की पुलिस की स्टाइल में कार्रवाई करने की तैयारी में है

## मासूम बेटी और बेटे की हत्या करके महिला ने जहर खाया

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भीलवाड़ा जिले में मांडलगढ़ थाना इलाके के मानपुर गांव में एक महिला ने अपने 8 साल की बेटी और 10 साल के बेटे की निर्मम हत्या की और फिर खुद ने भी जहर का सेवन कर लिया जिसकी वजह से वह बेहोश हो गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बेहोश महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है फिलहाल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है और मृतक बच्चों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है किस वजह से महिला ने अपने बच्चों को मौत के घाट उतारा अभी इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है पुलिस का कहना है कि फिलहाल महिला के स्वस्थ होने का इंतजार किया जा रहा है पुलिस को संदेह है कि या तो महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है या फिर घरेलू परेशानी की वजह से उसने यह दर्दनाक कदम उठाया क्योंकि महिला ने बच्चों की हत्या करने के बाद खुद भी जहर खाकर जान देने की कोशिश की है इसलिए कहीं ना कहीं महिला काफी परेशान थी जिसकी वजह से उसने अपने बच्चों की हत्या की पुलिस के अनुसार मानपुर गांव निवासी संजू देवी ने सरिया से वार करके अपने 8 साल की बेटी और 10 साल के बेटे को मौत के घाट उतारा और फिर खुद ने भी जहर खाया पुलिस संजू देवी के निकट के परिजनों रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है संजू देवी के पीहर पक्ष के लोगों को भी पुलिस ने सूचित किया है इस सनसनीखेज घटना को देखकर ग्रामीण भी काफी हैरान और परेशान हैं ।

## मंडावा में शिक्षा का महाकुंभः करणी कृपा फाउंडेशन क्लासेज का भव्य शुभारम्भ व स्कूल एनुअल फंक्शन आगाज

**मंडावा(निस)।** मंडावा क्षेत्र में मंगलवार को शिक्षा और संस्कृति के एक भव्य समागम का साक्षी बनने जा रहा है। मौका है करणी कृपा स्कूल मंडावा में एनुअल फंक्शन आगाज 3.0 के आयोजन का, जिसके साथ ही करणी कृपा नीट व जेईई फाउंडेशन क्लासेज का औपचारिक शुभारंभ भी किया जाएगा। स्कूल परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम मंगलवार शाम 5.15 बजे शुरू होगा। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त ने मीडिया को बताया कि इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि छात्रों को नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा वाली कोचिंग की तर्ज पर उच्चकोटी की फैकल्टी की ओर से मंडावा में ही मार्गदर्शन मिलेगा। संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करते हुए, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाना है।

## प्रदेश कांग्रेस का मनरेगा को लेकर शहीद स्मारक पर सत्याग्रह, सभी जिलों में कांग्रेस जनों का प्रदर्शन

### जयपुर में सुखजिंदर सिंह रंधावा गोविंद सिंह डोटासरा टीकाराम जूली और अन्य सभी पार्टी के बड़े नेता और कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर सामूहिक रूप से उपवास पर बैठे

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा का नाम बदलने और मनरेगा को कमजोर करने के विरोध में राजस्थान कांग्रेस की ओर से जयपुर सहित पूरे प्रदेश के सभी जिलों में उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया सभी जिलों में जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जनों ने सामूहिक उपवास रखकर अपना विरोध जताया और ईश्वर से केंद्र की मोदी सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की जयपुर में राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास विधायक रफीक खान अमीन कागजी सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मंजू शर्मा राजेंद्र शर्मा सहित जयपुर के कोने-कोने से आए कांग्रेस जनों ने रविवार को शहीद स्मारक पर सामूहिक रूप से मौन उपवास रखा करीब 5 घंटे तक कांग्रेस जनों की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया शाम 4:00 बजे पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि विकसित भारत की राम जी योजना से मनरेगा को पूरी तरह से कमजोर कर दिया गया है उन्होंने कहा कि विकसित भारत की राम जी योजना में अब केंद्र सरकार मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों को निर्धारित करेगी और केंद्र सरकार ही कार्यों का बजट निर्धारित करेगी जबकि पहले ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य निर्धारित किए जाते थे अब केंद्र सरकार की इच्छा पर सारे कार्य होंगे डोटासरा ने यह भी कहा कि विकसित भारत की रामजी योजना में प्रदेश की ओर से 40 प्रतिशत बजट पहले जारी करने के बाद ही केंद्र सरकार इस योजना के लिए अपना 60 प्रतिशत बजट जारी करेगी यानी राजस्थान और देश की कई प्रदेश सरकार है पहले से ही बुरी तरह से घाटे में चल रही है ऐसे में पहले राज्य सरकार की ओर से ही पैसा देने पर केंद्र सरकार इस योजना में पैसा देगी उन्होंने कहा कि मनरेगा में राजस्थान के करीब 5000 करोड रुपए केंद्र में अटके पड़े हैं इस योजना में राजस्थान में जनप्रतिनिधियों की ओर से करवाए गए कार्यों का केंद्र सरकार भुगतान नहीं कर रही है जिसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि राजस्थान सरकार ने पंचायत के चुनाव नहीं करवाए इसलिए केंद्र सरकार ने सारा पैसा रोक लिया उन्होंने कहा कि विकसित भारत की रामजी योजना में और भी कई तरह की गंभीर कमियां हैं जिसकी वजह से इस योजना से राज्यों को नुकसान होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के कार्य प्रभावित होंगे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जो रोजगार का कानूनी अधिकार मिला हुआ था उसे कानूनी अधिकार पर मोदी सरकार ने मोदी सरकार ने कैची चलाई है इसीलिए कांग्रेस पार्टी राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में विकसित भारत की रामजी योजना को लेकर अपना विरोध प्रकट कर रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को छोड़ेगी नहीं और जब तक मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार दोबारा से निर्णय नहीं ले लेती तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा प्रदेश कांग्रेस की ओर से विकसित भारत की राम जी योजना के खिलाफ रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जनों की ओर से मौन उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस तरह के कार्यक्रम अजमेर ,करौली , भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सीकर, चूरू , झुंझुनू, अलवर ,भरतपुर ,सवाई माधोपुर, दोसा करौली, बीकानेर ,गंगानगर, हनुमानगढ, जोधपुर, कोटा, चूरू, कोटपुतली, फलोदी, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर ,राजसमंद , प्रतापगढ़ इत्यादि सभी जिलों में कांग्रेस जनों की ओर से मनरेगा के समर्थन में और विकसित भारत की राम जी योजना के विरोध में सामूहिक मौन उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रदेश भर में पार्टी के मौजूदा विधायकों पूर्व विधायकों विधानसभा प्रत्याशियों लोकसभा प्रत्याशियों और पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं ने हिस्सा लिया द्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को साफ कहा था कि कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले सभी तरह के कार्यक्रमों में दमदार तरीके से अपनी उपस्थिति दिखाएं डोटासरा ने यह भी कहा था कि संगठन में जो भी नेता ठीक तरह से मेहनत के साथ कार्य नहीं करेगा उसे संगठन की जिम्मेदारी से मुक्त भी किया जा सकता है इसके अलावा पार्टी में जो मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेगा उसे ही चुनाव में टिकट मिलेगा अब चुनाव के दौरान ही सक्रिय रहने वाले नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा बल्कि उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को टिकट मिलेगा जो साल भर पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पित भाव से कार्य करते हैं इसलिए रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस पार्टी की ओर से किए गए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन नजर आए

## कहानी

# दो बैलों की कथा

जानवरों में गधा सबसे ज़्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवक़ूफ़ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवक़ूफ़ है, या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत ग़रीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है; किंतु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो ग़रीब को मारो, चाहे जैसी ख़राब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी नहीं दिखाई देगी। वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी ख़ुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक विषाद स्थाई रूप से छाया रहता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा। ऋषियों-मुनियों के जितने गुण हैं वे सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं; पर आदमी उसे बेवक़ूफ़ कहता है। सद्गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा। कदाचित सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है। देखिए न, भारतवासियों की अफ़्रीका में क्या दुर्दशा हो रही है? क्यों अमरीका में उन्हें घुसने नहीं दिया जाता? बेचारे शराब नहीं पीते, चार पैसे कुसमय के लिए बचाकर रखते हैं, जी तोड़कर काम करते हैं, किसी से लड़ाई-झगड़ा नहीं करते, चार बातें सुनकर ग़म खा जाते हैं फिर भी बदनाम हैं। कहा जाता है, वे जीवन के आदर्श को नीचा करते हैं। अगर वे ईंट का जवाब पत्थर से देना सीख जाते तो शायद सभ्य कहलाने लगते। जापान की मिसाल सामने है। एक ही विजय ने उसे संसार की सभ्य जातियों में गण्य बना दिया।

लेकिन गधे का एक छोटा भाई और भी है, जो उससे कम ही गधा है, और वह है 'बैल'। जिस अर्थ में हम गधे का प्रयोग करते हैं, कुछ उसी से मिलते-जुलते अर्थ में 'बछिया के ताऊ' का भी प्रयोग करते हैं। कुछ लोग बैल को शायद बेवक़ूफ़ी में सर्वश्रेष्ठ कहेंगे; मगर हमारा विचार ऐसा नहीं है। बैल कभी-कभी मारता भी है, कभी-कभी अड़ियल बैल भी देखने में आता है। और भी कई रीतियों से अपना असंतोष प्रकट कर देता है; अतएव उसका स्थान गधे से नीचा है।

झूरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती। दोनों पछाईं जाति के थे—देखने में सुंदर, काम में चौकस, डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक-भाषा में विचार-विनिमय किया करते थे। एक, दूसरे के मन की बात को कैसे समझा जाता है, हम कह नहीं सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है। दोनों एक-दूसरे को चाटकर सूँघकर अपना प्रेम प्रकट करते, कभी-कभी दोनों सींग भी मिला लिया करते थे—विग्रह के नाते से नहीं, केवल विनोद के भाव से, आत्मीयता के भाव से, जैसे दोनों में घनिष्ठता होते ही धौल-धप्पा होने लगता है। इसके बिना दोस्ती कुछ फुसफुसी, कुछ हल्की-सी रहती है, जिस पर ज़्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता। जिस वक़्त ये दोनों बैल हल या गाड़ी में जोत दिए जाते और गर्दन हिला-हिलाकर चलते, उस वक़्त हर एक की यही चेष्टा होती थी कि ज़्यादा-से-ज़्यादा बोझ मेरी ही गर्दन पर रहे। दिन-भर के बाद दुपहर या संध्या को दोनों खुलते, तो एक-दूसरे को चाट-चूटकर अपनी थकान मिटा लिया करते। नाँद में खली-भूसा पड़ जाने के बाद दोनों साथ उठते, साथ नाँद में मुँह डालते और साथ ही बैठते थे। एक मुँह हटा लेता, तो दूसरा भी हटा लेता था।

संयोग की बात, झूरी ने एक बार गोईं को ससुराल भेज दिया। बैलों को क्या मालूम, वे क्यों भेजे जा रहे हैं। समझे, मालिक ने हमें बेच दिया। अपना यों बेचा जाना उन्हें अच्छा लगा या बुरा, कौन जाने, पर झूरी के साले गया को घर तक गोईं ले जाने में दाँतों पसीना आ गया। पीछे से हाँकता तो दोनों दाएँ-बाएँ भागते, पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे की ओर ज़ोर लगाते। मारता तो दोनों सींगे नीची करके हुँकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते—तुम हम ग़रीबों को क्यों निकाल रहे हो?

# विश्व को खतरे में डालते ट्रंप

> *इसके बाद अफगानिस्तान, इराक और लीबिया में भी वह वैसा कुछ नहीं कर सका, जिसका दावा कर उसने इन देशों पर हमला किया था। वह इन देशों में कुल मिलाकर नाकाम ही रहा। उसकी इस नाकामी का दुष्परिणाम इन देशों ने अस्थिरता और अशांति के रूप में देखा। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की, लेकिन कई देश ऐसे भी रहे, जिन्होंने ट्रंप की सैन्य कार्रवाई का समर्थन किया अथवा जो मौन बने रहे। चूंकि अमेरिका एक बड़ी आर्थिक एवं सैन्य शक्ति है, इसलिए कोई भी देश एक सीमा से अधिक उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं। ट्रंप इसी का लाभ उठाकर मनमानी कर रहे हैं। उनके बेलगाम होने का एक कारण यह है कि उसे चुनौती दे सकने वाला रूस यूक्रेन युद्ध में उलझा है।*
> *करीब चार साल पहले यूक्रेन पर रूस का हमला उसकी मनमानी ही था। लगता है उसकी इस हरकत ने ट्रंप को भी मनमानी करने का मौका दिया। अब वे बेलगाम हैं। वेनेजुएला पर हमले के बाद वे डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है। ट्रंप इस बहाने ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं कि उस पर रूस और चीन की निगाह है। उनका कहना है कि अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।*
> *ग्रीनलैंड में अकूत प्राकृतिक संपदा है, जिसका अभी तक*



नए वर्ष का आगमन होते ही एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में अमेरिकी सेना वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत उठाकर अमेरिका ले आई। विश्व को हैरान करने वाली इस घटना को पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति के कथित संरक्षण में चल रहे नारकोटिक्स आतंक से जोड़ा, लेकिन शीघ्र ही यह स्पष्ट हो गया कि इस हमले का मूल उद्देश्य वेनेजुएला के तेल भंडारों पर कब्जा करना था।

वेनेजुएला में कच्चे तेल के सबसे अधिक भंडार हैं। ट्रंप ने जिस तरह यह कहा कि अब वेनेजुएला के तेल को अमेरिका बेचेगा और वहां की अंतरिम राष्ट्रपति को उनका सहयोग करना होगा, उससे साफ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति दादागीरी पर उतर आए हैं। वे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के साथ अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इसकी कल्पना करना कठिन था कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाला अमेरिका किसी देश के राष्ट्रपति का अपहरण कर लेगा, लेकिन ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने ऐसा ही किया।

यह चोरी और सीनाजोरी ही है। अमेरिका ऐसी हरकतें पहले भी करता रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से उसने अपने संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के लिए अनेक देशों पर हमले किए अथवा वहां छल-छद्म से तख्तापलट कराया। इस कोशिश में उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वह सबक सीखने को तैयार नहीं। अमेरिका को वियतनाम में मात मिली। इसके बाद अफगानिस्तान, इराक और लीबिया में भी वह वैसा कुछ नहीं कर सका, जिसका दावा कर उसने इन देशों पर हमला किया था। वह इन देशों में कुल मिलाकर नाकाम ही रहा। उसकी इस नाकामी का दुष्परिणाम इन देशों ने अस्थिरता और अशांति के रूप में देखा। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की, लेकिन कई देश ऐसे भी रहे, जिन्होंने ट्रंप की सैन्य कार्रवाई का समर्थन किया अथवा जो मौन बने रहे। चूंकि अमेरिका एक बड़ी आर्थिक एवं सैन्य शक्ति है, इसलिए कोई भी देश एक सीमा से अधिक उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं। ट्रंप इसी का लाभ उठाकर मनमानी कर रहे हैं। उनके बेलगाम होने का एक कारण यह है कि उसे चुनौती दे सकने वाला रूस यूक्रेन युद्ध में उलझा है।

करीब चार साल पहले यूक्रेन पर रूस का हमला उसकी मनमानी ही था। लगता है उसकी इस हरकत ने ट्रंप को भी मनमानी करने का मौका दिया। अब वे बेलगाम हैं। वेनेजुएला पर हमले के बाद वे डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है। ट्रंप इस बहाने ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं कि उस पर रूस और चीन की निगाह है। उनका कहना है कि अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

ग्रीनलैंड में अकूत प्राकृतिक संपदा है, जिसका अभी तक दोहन नहीं किया गया है। अमेरिका के अंदर यह विचार पहले भी रहा है कि जिस तरह अलास्का उसके नियंत्रण में आया, उसी तरह ग्रीनलैंड भी आए। ट्रंप उस पर सैन्य कार्रवाई के जरिये कब्जा करने के अलावा उसे खरीदने की बात भी कह रहे हैं। हालांकि वहां के लोग इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन वे बेपरवाह हैं। उन्हें डेनमार्क के साथ यूरोपीय देशों की नाराजगी की भी चिंता नहीं, जबकि वे नाटो के भविष्य को खतरे में बता रहे हैं। ट्रंप किस तरह अहंकार से भरे हुए हैं, इसका पता उनके इस कथन से चलता है कि उनकी आक्रामकता को सिर्फ वही रोक सकते हैं और अमेरिकी हितों के आगे किसी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून का कोई महत्व नहीं। यह तानाशाही वाला रवैया है। ट्रंप आक्रामक रणनीति पर इसलिए चल रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। उसे पटरी पर लाने के लिए उन्होंने अमेरिका आयात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ा दिया है। उनका दावा है कि उनकी टैरिफ नीति से अमेरिका की आय बढ़ी है, लेकिन सच्चाई कुछ और है। ट्रंप इसलिए भी बौखलाए हुए हैं, क्योंकि डॉलर का प्रभुत्व कमजोर हो रहा है। डॉलर का प्रभुत्व तब बढ़ना शुरू हुआ, जब अमेरिका ने 1970 के दशक में सऊदी अरब से समझौता किया कि तेल का व्यापार डालर में होगा। इससे अमेरिका को लाभ मिला और डॉलर का प्रभुत्व बढ़ा, लेकिन बीते कुछ वर्षों में वह टूटा है। इसका कारण दुनिया के कई देशों का डॉलर से इतर मुद्रा में व्यापार करना है।

रूस, वेनेजुएला, ईरान आदि देश तो अपना तेल डॉलर के बजाय अन्य मुद्रा में बेच रहे हैं। अमेरिका से आजिज आए कई देश डॉलर के बजाय अन्य मुद्रा में व्यापार करने की राह तलाश रहे हैं। ट्रंप को यह रास नहीं आ रहा है। उन्हें लगता है कि वे दुनिया को धमकाकर उसे डॉलर में व्यापार करने के लिए मजबूर कर लेंगे, लेकिन इसके उलटे नतीजे आएं तो हैरानी नहीं। ट्रंप ने हाल में उस विधेयक को सहमति दी, जो उन्हें उन देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुमति देगा, जो रूस से तेल खरीदते हैं। इन देशों में चीन, भारत और ब्राजील प्रमुख हैं। ट्रंप का मानना है कि रूस से तेल खरीदने वाले देश उसे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में मदद कर रहे हैं। यदि ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सचमुच 500 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं, तो इससे भारत समेत अन्य देशों की कठिनाई बढ़ जाएगी। ट्रंप ने भारत पर पहले ही सबसे अधिक 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। इसमें 25 प्रतिशत व्यापार समझौता न हो पाने और 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण है। ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को महान नेता और अपना दोस्त तो बताते हैं, पर उनके प्रति अशालीन भाषा का प्रयोग करने से भी नहीं हिचकते।

## सम्पादकीय

# क्या भारतीय रेल में सचमुच बेहतर हो रहा है सफर?



भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है। गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 13,406 और नवंबर में 13,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 33,804 और नवंबर में 36,673 हो गईं। हाल में सरकार ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं का किराया बढ़ाने की घोषणा की थी। हालांकि यह वृद्धि देखने में मामूली लगती है, लेकिन देश भर में प्रतिदिन रेल में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या की लिहाज से देखें, तो सरकार को हर साल इससे करोड़ों रुपए की कमाई होगी। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही है? अगर ऐसा नहीं है, तो यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। रेल मदद पोर्टल पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंत्रालय ने हाल में सभी मंडलों के अधिकारियों को पत्र भेज कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कड़ाई से अमल होगा या फिर महज खानापूर्ति का ही प्रयास किया जाएगा, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि जब तक रेलगाड़ियों में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर व्यापक निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद करना व्यर्थ है।

# बीमारी और दुनियादारी

> *आदमी तीमारदारी से तब तौबा करता है जब तीमारदारी खुद एक बीमारी बन जाती है। आदमी दुनियादार है तो आनंद और ज्यादा। तीन चीजें आपके सुकून को जुनून में बदल सकती हैं, बीमारी तीमारदारी दुनियादारी। दुनिया वालों का प्यार सबसे ज्यादा तब उमड़ता है जब आप बिस्तर की चौहद्दी में सीमित हों। तब देखिए लोगों का सामान्य ज्ञान, मेडिकल साइंस पर उनकी पकड़, हरिओम से लेकर अनुलोम-विलोम तक उनकी पहुंच, भांति-भांति की पैथियों पर उनके शोध प्रबंध, संयम और परहेज पर उनका आध्यात्मिक अनुसंधान। जो साधारण-सा जुकाम हो जाने पर रूमाल से नाक तक नहीं पोंछ पाते वे आपकी रिपोर्टों को ऐसी गंभीरता से पढ़ते हैं कि एम्स वाले चरण चूमने लगें। ऐसी लंबी सांस भरेंगे कि बच्चे वसीयत के लिए वकील को फोन करने लगें। फिर तमाम बकवास के बाद एक बहुत महत्त्वपूर्ण बात कहेंगे कि भाई*

बीमारियां जीवन दर्शन के वृक्ष की शाखाएं हैं। किसी भी शाखा में लटक जाइए, किसी न किसी ज्ञान में अटक जाएंगे। बीमार शब्द ही अद्भुत है। अस्वस्थ कहने से हाय हाय के कैनवास पर मुर्दनी, बदहाली, तबाही का वैसा चित्र नहीं खिंचता जैसा बीमार कहते ही लपक उठता है। इसलिए बीमार आदमी कुछ खास होता है। कई बार खास दिखने के लिए कुछ समझदार लोग खुशी-खुशी बीमार-से बने रहते हैं। उर्दू कविता का तो आधा काम बीमारी से ही चलता है। बीमारे-मुहब्बत की हाय हाय न हो शायरी में तो सन्नाटा खिंच जाए। दर्द, मरीज, आह, दवा, मसीहा, इलाज, बिस्तर, कमजोरी, मौत, कफन, कब्र जैसे लफ्ज न हों तो शायरी लगभग गूंगी हो जाए। एक जमाने में लखनऊ की नफासत का साज बीमारी के दम से ही बजता था। जब कोई पूछता था कि हुजूर के दुश्मनों की तबीयत नासाज तो नहीं है। खैर।

ऐसे ही किसी बीमारियाना मूड में मिर्जा गालिब ने कहा था कि पड़िए गर बीमार तो कोई न हो तीमारदार। गालिब का क्या है। वे तो कुछ भी कह देते थे। वे कह सकते थे कि मेरे मरने के बाद मेरे घर से जाने कैसी तस्वीरें और चंद हसीनों के खत निकले। हम और आप यह खतरा उठा सकते हैं क्या। मोबाइल से एक शाकाहारी मैसेज निकल आए तो घर से निकलने की आदर्श स्थिति आ जाएगी। लेकिन इतने बड़े शायर ने कहा है तो कुछ वजन होगा जरूर। बीमार और तीमारदार का चोली दामन का साथ वे भी मानते हैं, जो चोली की चेतना और दामन की दयालुता से अब तक नावाकिफ हैं। यह गौरतलब है कि गालिब ने तीमारदार से तौबा क्यों की थी। उनका तो वे जाने मगर कुछ तजरुबेकार लोगों से बातचीत कर मैंने जो ज्ञान हासिल किया वह प्रस्तुत है। आदमी तीमारदारी से तब तौबा करता है जब तीमारदारी खुद एक बीमारी बन जाती है। आदमी दुनियादार है तो आनंद और ज्यादा। तीन चीजें आपके सुकून को जुनून में बदल सकती हैं, बीमारी तीमारदारी दुनियादारी।



दुनिया वालों का प्यार सबसे ज्यादा तब उमड़ता है जब आप बिस्तर की चौहद्दी में सीमित हों। तब देखिए लोगों का सामान्य ज्ञान, मेडिकल साइंस पर उनकी पकड़, हरिओम से लेकर अनुलोम-विलोम तक उनकी पहुंच, भांति-भांति की पैथियों पर उनके शोध प्रबंध, संयम और परहेज पर उनका आध्यात्मिक अनुसंधान। जो साधारण-सा जुकाम हो जाने पर रूमाल से नाक तक नहीं पोंछ पाते वे आपकी रिपोर्टों को ऐसी गंभीरता से पढ़ते हैं कि एम्स वाले चरण चूमने लगें। ऐसी लंबी सांस भरेंगे कि बच्चे वसीयत के लिए वकील को फोन करने लगें। फिर तमाम बकवास के बाद एक बहुत महत्त्वपूर्ण बात कहेंगे कि भाई साहब हम क्या कहें। जो डॉक्टर कहे वही करिएगा। जैसे बीमार तय किए बैठा है कि जब तक ये नहीं कहेंगे तब तक डॉक्टर की बात नहीं माननी। जो आठ बजे सुबह उठ कर किसी तरह दांत मांज कर दफ्तर भाग लेते हैं वे अनुशासन की मूर्ति बन जाएंगे। ऐसा है सुबह पांच बजे बिस्तर छोड़ दिया करिए। एक गिलास पानी पिया और निकल गए टहलने। भाभीजी रोज यह कहती होंगी मगर आप सुनते नहीं। भाभीजी की बात माना करिए। मैंने आपसे कई बार कहा है। इसके बाद आने वाली चाय के साथ समोसा या पकौड़ी न आए तो भाभीजी की महानता कैसे प्रमाणित हो। वे समोसा खा रहे, आप लार घूंट रहे हैं और उनकी भाभी यानी आपकी पत्नी के प्रवचन उमड़ रहे। क्या कहूं भाई साब, मान ही लेते तो आज यह हालत क्यों होती। मैं इतनी केयर करती हूं कि...। उसके बाद जाने कैसे-कैसे संस्मरण। भावुकता की चाय में डुबो कर उपदेश के बिस्कुट खाते रहिए।

# राज्यों ने लिया सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय

यह स्वागतयोग्य है कि देर से ही सही, दिल्ली और एनसीआर के सभी राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय किया। इसके सकारात्मक परिणाम निकलने चाहिए, पर ऐसा तब होगा, जब दिल्ली संग एनसीआर के राज्य वास्तव में वर्ष भर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। समझना कठिन है कि अभी तक इसकी आवश्यकता क्यों नहीं समझी गई? अभी स्थिति यह है कि जब वायु प्रदूषण सिर उठा लेता है, तब अलग-अलग राज्य अपने-अपने स्तर पर उससे निपटने के लिए सक्रिय होते हैं। यह सक्रियता निष्प्रभावी ही रहती है। यह किसी से छिपा नहीं कि इन दिनों दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण से त्रस्त है और



उससे निपटने के लिए जो भी उपाय किए जा रहे हैं, वे अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं। वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के बीच दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु की गुणवत्ता संभालने के लिए साल भर प्रदूषण रोधी उपायों पर काम करने के लिए अपनी जो योजना केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी है, उसके तहत सभी राज्य 15 जनवरी से वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने का काम शुरू कर देंगे, जो वर्ष भर चलेंगे। अच्छी बात यह है कि इन कामों की हर महीने समीक्षा होगी। इस सबके बावजूद प्रश्न यह है कि आखिर केवल दिल्ली एवं उससे सटे राज्य ही वायु प्रदूषण से पार पाने के लिए आगे क्यों आए हैं? यह कार्य तो हर राज्य और विशेष रूप से उत्तर भारत के सभी राज्यों को करना चाहिए। अब वायु प्रदूषण केवल दिल्ली-एनसीआर की ही समस्या नहीं है, भले ही उसकी चर्चा अधिक होती हो। सच यह है कि अब सर्दियों में उत्तर भारत के करीब-करीब सभी राज्य वायु प्रदूषण से ग्रस्त रहने लगे हैं। इसी कारण भारत की गिनती उन देशों में होने लगी है, जहां की वायु सर्वाधिक प्रदूषित बनी रहती है। उचित यह होगा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय देश के सभी राज्यों से वायु प्रदूषण से निपटने की ऐसी किसी योजना पर काम करने को कहे, जो वर्ष भर चलती रहे। फिलहाल यह कहना कठिन है कि दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 12 महीने सक्रिय रहने की जो तैयारी की है, उसके कैसे नतीजे कब तक सामने आएंगे, लेकिन यह समझा जाए कि वायु प्रदूषण से मुक्ति तभी मिलेगी, जब आम जनता उसके प्रति सजग होगी और साथ ही अपना योगदान देने के लिए भी तत्पर रहेगी।

# एआई व आईटी युग में शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ेगा: जोराराम

## विराटनगर में प्रजापति समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह

## विधायक कुलदीप धनकड़ ने प्रजापति छात्रावास के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की





जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** प्रजापति जागृति मंच के तत्वावधान में रविवार को कस्बे में विराट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 के टॉपर विद्यार्थियों व समाज के भामाशाहों का पारितोषिक वितरण व कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ विशिष्ट अतिथि रहे।नकार्यक्रम की शुरूआत में प्रजापति जागृति मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और विधायक कुलदीप धनकड़ का माला व राजस्थानी साफा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को समय के अनुसार स्वयं को ढालना होगा। वर्तमान दौर एआई और आईटी का युग है, ऐसे में प्रजापति समाज को राजनीति, शिक्षा और निजी क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।मंच अध्यक्ष हजारीलाल कुम्हार ने जानकारी देते हुए बताया कि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने नगर में निर्माणाधीन प्रजापति छात्रावास के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की है, साथ ही मुख्य सड़क से छात्रावास तक सड़क निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया है। विधायक धनकड़ ने कहा कि प्रजापति समाज के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। विराट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 के परिणामों में कक्षा 12 विज्ञान संकाय में पवन कुमार पुत्र विनोद कुमार,कक्षा 12 कला संकाय में विशाल प्रजापत पुत्र मुकेश कुमार थानागाजी और कक्षा 10 में करिश्मा प्रजापत पुत्री महेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।समिति अध्यक्ष हजारीलाल वैद्य, प्रोफेसर धर्मपाल प्रजापत, डॉ धनाराम प्रजापत व पूरण प्रजापत ने बताया कि यह परीक्षा 28 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी। बोर्ड परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को प्रेरित करने व उनकी तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह परीक्षा विराटनगर, कोटपूतली, थानागाजी, पावटा, प्रतापगढ़, बानसूर, नारायणपुर, शाहपुरा, जमवारामगढ़, चौमू व आमेर सहित 11 तहसीलों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 11 हजार रुपये, द्वितीय को 5100 रुपये, तृतीय को 3100 रुपये, चतुर्थ को 2100 रुपए और पंचम स्थान पर रहने वाले को 1100 रुपये नकद पुरस्कार, माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त छठी से दसवीं रैंक तक के विद्यार्थियों को भी 1000 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्रवण दास जी महाराज ने समाज के लोगों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालाराम दुहार ने की, जबकि मंच संचालन सीताराम झीरी व सुभाष प्रजापत ने किया। इस अवसर पर कुलदीप कुमावत प्रशासनिक अधिकारी, रोहित कुमार विराटनगर, डॉ. सत्यनारायण कुम्हार, निरमा कुमावत आरओ, हरिसिंह कुमावत एईएन, प्रधान जयप्रकाश प्रजापत थानागाजी, पूर्व सरपंच भौंरीलाल कुम्हार, भामाशाह दीपक कुम्हार,मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापत, उपाध्यक्ष सोहनलाल,रमेश प्रजापत, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रजापत, पांचुराम कुम्हार, टिंकू प्रजापत ,राजेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में समाजजन व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत स्काउटस ने भी सेवा कार्य किया।

# पशु बांझपन निवारण शिविर में पशुपालकों को दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के ग्राम पंचायत मोहनपुरा गांव में रविवार को पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन गया। महावीर इंटीनेशनल पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में पशुओं में बढ़ती प्रजनन समस्याओं के समाधान के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी गई। जिसमें पशुपालन के दौरान पशुपालकों को आय में वृद्धि करने के बारे में समझाया गया?। शिविर में गाय, भैंस और अन्य मवेशियों के स्वास्थ्य की गहनता से जांच की गई। इसमे एनीस्ट्रस, रिपिट ब्रीडिंग, बछड़ों में पेशाब बंद का ऑपरेशन(सिसटोमी), गाय मे चटकी/ शरण का ऑपरेशन (एमपीडी)और गर्भाशय संक्रमण सहित अन्य रोगों का इलाज कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में डॉ कौशल मंडावरा (उपनिदेशक पशु चिकित्सालय सांगानेर), डॉ सुनील शर्मा (वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी), डॉ सतीश चंद बैरवा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ लवीगोरसे , डॉ निर्मल कुमार दाधीच, ओर बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

# राधा कृष्ण आसण बस्ती में होगा विराट हिंदू सम्मेलन, तैयारियों तेज




जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** शहर की राधा कृष्ण आसण बस्ती में शीघ्र ही विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन को लेकर बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की तैयारियाँ पूरे विधिवत रूप से प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन से संबंधित जानकारी देते हुए लक्ष्मण नागा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कल सुबह 8:15 बजे ध्वज पूजन एवं भूमि पूजन के साथ होगी। इसके पश्चात अगले दिन बस्ती में प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से सम्मेलन की सूचना घर-घर पहुँचाई जाएगी। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन की तैयारियों के तहत बस्ती के प्रत्येक घर से प्रसाद निर्माण के लिए सामग्री एकत्रित की जाएगी, जिसका उपयोग 18 जनवरी को किया जाएगा। इसी दिन बस्ती में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। कलश यात्रा के दौरान संत-महात्माओं का सान्निध्य एवं आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने बस्तीवासियों सहित समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाएं और आयोजन की गरिमा को बढ़ाएं।

# श्रीठाकुर जी महाराज प्राचीन मंदिर में पौष बड़ा आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के श्रीरामपुरा गांव के प्राचीन श्री ठाकुर जी महाराज मंदिर में रविवार को पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ठाकुर जी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं और राहगीरों को पंगत प्रसादी वितरित की गई। यह कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर मे श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर ठाकुर जी के जयकारों से गूंज उठा, जिससे भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यक्रम के तहत ठाकुर जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और उन्हें विशेष भोग अर्पित किया गया। भोग के बाद बड़ी संख्या में एकत्रित हुए श्रद्धालुओं और राहगीरों को पौष बड़ा की पंगत प्रसादी जिमाई गई। इस आयोजन में गांव के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ये आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और गांव की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड बाडी मैं कुछ दिन पहले रेत माफियाओं की ओर से वन विभाग के कर्मचारी जितेन्द्र सिंह को ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलने के बाद आरोपी भाग गए। इसे दबंगई कहे या बजरी माफिया की सनक क्योंकि ऐसा करने की सोच आम आदमी के वश में नहीं हो सकती है। लेकिन अवैध रूप से कारोबार कर रहे बजरी माफियों ने पूर्ण रूप से अपने मन में सोच बना रखी है कि उनके रास्ते का कोई भी रोड़ा बनेगा तो उसे वह अंतिम अंजाम तक पहुंचा सकते हैं, शायद अवैध रूप से कार्य कर रहे बजरी माफियों ने यही सोच बनाकर अपने रास्ते के बीच आने वाले हर रोड़े को खत्म करने का मानस बना लिया है, उसी के चलते वन विभाग के कर्मी को अपने ट्रैक्टर से कुचलना ही सहज समझा उसने एक पल यह भी नहीं सोचा कि इसके परिवार का क्या होगा ।बजरी माफिया की इसी सनक ने एक परिवार में जहां मातम बिखेर दिया है वहीं खुद फिलहाल सलाखों के पीछे अपने घर से दूर हो गया है। जिले में बजरी माफिया का पिछले कुछ समय से खौफ बढ़ता जा रहा है उसी का नतीजा है कि बेलगाम हो चुका बजरी माफिया किसी के काबू में नहीं है उसी की भेंट एक परिवार का लाल चला गया है और उसके नौनिहाल बस अपने पिता के इंतजार में दरवाजे पर टकटकी लगाए बैठें हुए हैं। अब इन माफियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने अलग रणनीति बनाई है जिसे जल्द ही अमलीजामा पहनाने की तैयारी में जुटा हुआ है जिससे किसी के साथ ऐसा हादसा नहीं हो और फिर किसी के घर में दीपक रूपी लाल के जाने से अंधियारा हो क्योंकि कुछ दिन पहले पुलिस के एक दल ने काफी लंबी दूरी दौड़ कर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा था।

# फुलेरा पुलिस का सराहनीय कदम: नशा व चाइनीज़ मांझा के खिलाफ सख्त अभियान

## थाना अधिकारी राजेंद्र यादव की कार्यशैली की लोग कर रहे तारीफ



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** मकर संक्रांति पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से फुलेरा पुलिस की ओर से नशा व चाइनीज़ मांझा विरोधी विशेष अभियान चलाया गया। थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुरुष व महिला पुलिस जवानों की संयुक्त टीम ने कस्बे के सांसी बस्ती क्षेत्र सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए क्षेत्र में सूखा नशा नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए दुकानों व ठिकानों की जांच की गई, वहीं आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा और भविष्य को भी प्रभावित करता है। मकर संक्रांति को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम ने पतंग व मांझा विक्रेताओं की भी गहन जांच की। दुकानदारों को चाइनीज़ व धातुयुक्त मांझा नहीं बेचने के निर्देश दिए गए और नियमों की अवहेलना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे खतरनाक मांझे का उपयोग न करें, जिससे जान-माल की हानि से बचा जा सके। थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि जन-सुरक्षा और जन-जागरूकता है। कानून का पालन करने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी, जबकि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित में इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# शिव धाम मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पौष माह के पावन अवसर पर शनिवार को शहर के वार्ड नंबर 9 में स्थित शिव धाम मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव को विधिवत प्रसाद अर्पित किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। महोत्सव से पूर्व दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष सज्जन शर्मा, उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, पार्षद प्रतिनिधि कमल शर्मा, विजय शर्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, पुजारी विनोद जोशी, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम निवास शर्मा सहित शहर के अनेक नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति व स्थानीय भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# पौष बड़ा महोत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में स्थित अटल सेवा केंद्र के सामने पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। जिसमें सालासर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को पकोड़े जलेबी का नाश्ता करवाया। इस दौरान विकास मील, महेश, योगेश, दीपेंद्र, एडवोकेट महेश, अनिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़/परसरामपुरा(निस)।** परसरामपुरा के बाबा रामदेव मंदिर, सांगलपती आश्रम के पीठाधीश्वर और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट के आजीवन सदस्य व मार्गदर्शक, परसरामपुरा के पूर्व सरपंच महान संत, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, 1008 किशन दास जी महाराज के देवलोकगमन पर सांगलपती आश्रम परसरामपुरा में डॉ भीमराव अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों के साथ हजारों लोगों ने परम पूज्य संत किशन दास जी महाराज को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने परम संत किशन दास जी महाराज के समाज सेवा के अनेक आयामों पर चर्चा की और उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर अनेक लोगों को मूल निवासी बहुजन कैलेंडर 2026 का वितरण भी किया गया। इंद्रपुरा से रिटायर्ड प्रिंसिपल रामूराम किलानिया, पूर्व सरपंच खालीराम टोडी, बजरंग लाल सेहडिया रिटायर्ड अध्यापक, रामावतार माहिच, शीशपाल माहीच, चौथमल सॉनकरिया, ट्रस्ट अध्यक्ष, रामनाथ सिंह, केशर देव धानिया, शंकर लाल सोनकरिया शंकर लाल सुनिया, बीरबल इंद्रपुरा, जगमालसिंह, मदन लाल चारण की ढाणी, बीरबल गोदारा की ढाणी रामनिवास पटीड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन

# पुरस्कृत शिक्षकों के लिए किया गया संकल्प दो साल बाद भी पूरा नहीं: हंस



जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निस)। पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान की ओर से रविवार को दोपहर 11:30 बजे सुभाष चौक स्थित सेंट माइकल स्कूल के सभागार में परीक्षा तैयारी और अच्छे अंक विषय पर राज्य स्तरीय चिंतन बैठक समीक्षा और मिशन 2026 की योजना सेमिनार का आयोजन हुआ। धौलपुर जिले की ओर से राज्य स्तरीय सेमिनार में राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेश गोस्वामी,राज्य पुरस्कृत शिक्षक भगवान सिंह मीना, परवेश खान, उदय सिंह, नवीन कमलेश्वर शामिल हुए। उद्घाटन राजस्थान सरकार राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल की अध्यक्षता में हुआ हुआ। फोरम के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि मुख्य वक्ता विशेषाधिकारी व सलाहकार स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षाविद बी.के गुप्ता और विशिष्ट वक्ता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षाविद राजेन्द्र शर्मा हंस रहे। राजेंद्र शर्मा हंस ने संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा तैयारी और अच्छे अंक विषय पर विस्तृत चर्चा कर अपने अपने स्कूलों सहित समस्त विद्यालयों में टिप्स पुस्तिका के प्रश्नों को लिखने व पढ़ने की बात पर जोर दिया। महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि बी.जे.पी. के संकल्प पत्र में पुरस्कृत शिक्षकों को वेतन वृद्धि देने का वादा किया था। वादे को 100 दिन में पूरा करने की कार्य योजना बनाई थी। राज्य सरकार ने संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे पूरे कर दिये हैं, लेकिन पुरस्कृत शिक्षकों से जुड़ा वादा पूरा नहीं करने पर पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान का प्रतिनिधि मंडल कई बार मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला और दो वर्ष से लम्बित संकल्प को अविलम्ब पूरा करने की माँग की तथा ज्ञापन दिया। एक बार पुनः राज्य स्तरीय सेमिनार के मंच पर लंबित वेतन वृद्धि के लाभ दिलाने की क्रियान्विति का मोहन को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि दो वर्ष गुजर गए और संकल्प के 70 प्रतिशत वादे पूरे कर दिये, लेकिन प्रदेश के पुरस्कृत शिक्षकों के लिए किये गये वादे को पूरा नहीं करने पर राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक निराश और आक्रोशित हैं। राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित पुरस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुरस्कृत शिक्षक फोरम की ओर से प्रकाशित (22 वां संस्करण) सैकंडरी बोर्ड परीक्षा तैयारी टिप्स पुस्तिका का राज्य स्तर पर निशुल्क वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सलाहकार स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षाविद बी. के गुप्ता ने टिप्स पुस्तिका को विद्यार्थियों के लिए वरदान बताया। शिक्षक लेखकों की पुस्तकों का अतिथियों ने विमोचन किया। फोरम के प्रतिनिधि मंडल में फोरम अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर, महासचिव रामेश्वर प्रसाद वर्मा, महिला सचिव अंजना वर्मा, प्रधानाचार्या सेंट माइकल स्कूल एन डि-सिल्वा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विक्रम सिंह शेखावत, रामअवतार नवल, गिरधारी लाल मीणा और सत्यनारायण छीपा ने अतिथियों व पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर राज्य भर के जिलों के पुरस्कृत शिक्षक उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम: शहीद स्मारक पर कांग्रेस का प्रतीकात्मक उपवास और मौन सत्याग्रह

**जयपुर टाइम्स/जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार की ओर से कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई ग्रामीण रोजगार की क्रांतिकारी योजना मनरेगा का नाम बदलकर VB-GRAMG किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 'मनरेगा बचाओ संग्राम' जन आंदोलन के तहत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शहीद स्मारक पर एक दिवसीय प्रतीकात्मक उपवास व मौन सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा व टीकाराम जूली उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम बदलना केवल औपचारिक निर्णय नहीं, बल्कि इसे कमजोर करने की मंशा को दर्शाता है, जिससे ग्रामीण गरीबों और श्रमिकों के अधिकारों पर सीधा आघात हो रहा है। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सारिका सिंह के सानिध्य में प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने भी भाग लिया। महिला कांग्रेस की ओर से कहा गया कि मनरेगा ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता दी है और इसे कमजोर करना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा श्रमिकों, गरीबों और ग्रामीण भारत के हितों की रक्षा की है और आगे भी किसी भी कीमत पर उनके अधिकारों से समझौता नहीं होने देगी। यह आंदोलन केवल योजना के नाम परिवर्तन का विरोध नहीं, बल्कि ग्रामीण रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है।

# अंतरराज्यीय महिला चोर गैंग का पर्दाफाश, सरगना नीरू उर्फ सोन्या गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पुलिस थाना एयरपोर्ट जयपुर पूर्व की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ज्वैलर्स की दुकानों में बातों में उलझाकर जेवरात चोरी करने वाली अंतरराज्यीय महिला गैंग का पर्दाफाश किया है। थाना क्षेत्र स्थित श्री श्याम ज्वैलर्स से चांदी के जेवरात चोरी करने वाली गैंग की मुख्य सरगना नीरू उर्फ सोन्या बागरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला के कब्जे से चोरी की छह जोड़ी चांदी की पॉयजेब बरामद की गई हैं, जबकि वारदात में शामिल अन्य दो महिला आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन (आईपीएस) ने बताया कि 5 जनवरी को थाना एयरपोर्ट क्षेत्र के जगतपुरा स्थित श्री श्याम ज्वैलर्स की दुकान से लाखों रुपये के चांदी के जेवरात चोरी होने की घटना सामने आई थी। इस संबंध में प्रकरण संख्या 02/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल के सुपरविजन व सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी रूपनारायण के नेतृत्व में गठित टीम ने दिन-रात मेहनत करते हुए घटना स्थल और आसपास लगे करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही पूर्व में ज्वैलर्स की दुकानों में चोरी करने वाले चालानशुदा अपराधियों की जानकारी जुटाई गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक पुलिसिंग के संयोजन से फुटेज के आधार पर चोरी करने वाली महिलाओं की पहचान की गई। पुलिस टीम ने प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मुख्य आरोपी नीरू उर्फ सोन्या बागरी को कोटा ग्रामीण क्षेत्र से डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि 3 जनवरी 2026 को उसने अपनी दो रिश्तेदार महिलाओं मौसम और गुड़डी के साथ मिलकर जगतपुरा मार्केट में कई दुकानों में चोरी का प्रयास किया था। असफल होने के बाद श्री श्याम ज्वैलर्स से चांदी के जेवरात चोरी किए गए। आरोपी को 8 जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह अपनी महिला गैंग के साथ मिलकर जयपुर सहित प्रतापनगर और झोटवाड़ा थाना क्षेत्रों में भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुकी है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न राज्यों में पूर्व से कई चोरी के प्रकरण दर्ज हैं और वह कई बार जेल जा चुकी है। आरोपी गैंग के सदस्य अलग-अलग शहरों में घूमने के शौकीन हैं और चोरी की वारदातों से अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद, कांस्टेबल ओमप्रकाश, लीलाराम और मनोज की अहम भूमिका रही। विशेष रूप से कांस्टेबल ओमप्रकाश और लीलाराम के अथक प्रयासों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के माध्यम से आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस अन्य फरार महिला आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।



## टैलेट हंट प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह, 700 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में आयोजित टैलेट हंट प्रतियोगिता का दूसरा चरण एक विशेष आयोजन बन गया। इस प्रतियोगिता में आस-पास के गांवों से 700 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें पूरे इलाके में उत्साह और प्रतिभा का संचार किया। शिक्षा और कला के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हमारे समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम चाहते हैं कि बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। इस प्रतियोगिता का आयोजन न केवल शैक्षिक बल्कि सामाजिक उद्देश्य भी रखता है। संस्था चेयरपर्सन डॉ पुष्पा चौधरी, स्कूल के प्राचार्य रविश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हम अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास करते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## गीता साक्षात भगवान का हृदय, सभी के लिए अध्ययन जरूरी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता का अध्ययन करवाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गीता साक्षात भगवान का हृदय है और गीता का अध्ययन सभी के लिए जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेठ जयदयाल गोयनका, हनुमान प्रसाद पोद्दार व रामसुखदास महाराज के जयकारों से किया गया। कार्यक्रम में पंचामृत, पांचश्लोक, स्वामी की आवाज में प्रार्थना, गजल गीत, संकीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन भी किया गया। इस दौरान श्याम भोजक ने सह पत्नीक और गीता क्लासेज की टीम ने बच्चों को पांच श्लोक पर स्कूल बैग, 12वें अध्याय में मैगी बॉक्स, 15 वें अध्याय में बैडमिंटन, 16वें अध्याय लंच बॉक्स और बच्चों के जन्म दिवस पर ड्रॉइंग किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, मोहित सिंघानिया, माधुरी, दिव्या, पूजा रेनू बजाज, हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज की ओर से फरवरी से सभी बच्चों के लिए गीता क्लासेज प्रश्नोत्तरी ऑनलाइन शुरू की जाएगी।

## सेवा की मिसाल बना लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** मलमास के पावन अवसर पर रविवार को लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से मानवता और करुणा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। भीषण शीतलहर के बीच ट्रस्ट ने कच्ची बस्तियों व झुग्गी- झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों व नन्हे बच्चों को गर्म जूते, ऊनी जुराबें, स्वेटर व कपड़े वितरित कर राहत पहुंचाई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि ट्रस्ट के संरक्षकों व कार्यकर्ताओं ने बच्चों के पैरों में अपने हाथों से जूते पहनाए और उनसे आशीर्वाद लिया। जूते पहनते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। सिटी बजने वाले जूते पहनकर कई बच्चे आनंद से उछलते-कूदते नजर आए, जिससे ठंड से जूझ रही बस्तियों में खुशियों की गर्माहट फैल गई। सेवा कार्य शिवरतन ढंण्ढ के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया व ठेकेदार फूलचंद बागोरिया के सानिध्य में हुआ। ठेकेदार फूलचंद बागोरिया ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक सेवा जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने में ही है। इस अवसर पर ट्रस्ट ने समाज के सक्षम लोगों से अपील की कि वे अपने सुखद अवसरों पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करें। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रवण कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भोजलाई बास स्थित श्मसान में अंतिम विश्राम समिति की बैठक भंवरलाल सोनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार चौधरी को चुना गया। इसी प्रकार मंत्री पद पर शिवभगवान चौहान, कोषाध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, व्यवस्थापक टीकूराम प्रजापत को बनाया गया। इसी प्रकार संरक्षक मंडल में मांगीलाल स्वामी, भंवरलाल सोनीवाल, सुरजाराम डाबरिया, विनोद भास्कर, सोहनलाल प्रजापत को शामिल किया गया। भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि चुनाव अधिकारी सुरजाराम डाबरिया के नेतृत्व में कार्यकारिणी के चुनाव हुए।

# भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों के दबाव में मनरेगा योजना को खत्म करने का काम किया : कस्वां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित गांधी स्मारक के आगे एक दिवसीय उपवास करके विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सांसद राहुल कस्वां, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, संगठन प्रभार भीमराज जाखड, पीसीसी सचिव रियाजत खान, मुस्ताक खान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद कस्वां ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने उधोगपतियों के दबाव में इस योजना को खत्म करने का कार्य किया है, जो कि भारत के गरीब मजदूरों के हितों पर कुठारघात है। उन्हांने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के गरीब व मजदूरों के अधिकार और हितों की लडाई लड़ती आयी है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस दौरान चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए सत्य के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा, यह कांग्रेस की नहीं आमजन की आवाज है। इस आवाज को हम कभी दबने नहीं देंगें। मनरेगा कोई सरकार की दया नहीं, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। इस अधिकार को खत्म करने की हर साजिश का सड़क से संसद तक जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस दौरान चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, अभिषेक बुडानिया, रणजीत सातड़ा, धर्मेन्द्र बुडानिया, गोविन्द महनसरिया, रामप्रताप कांटिवाल, आदूराम न्यौल, मो. हुसैन निर्बाण, गणेश ढ़ाका, गिरधारीलाल बांगडवा, विक्रम सिंह शेखावत, उम्मेद सिंह गोलसर, करतार सिंह टांडी, विधाधर बेनिवाल, बजरंग सैन, नरेश मारोठिया, संजय दिक्षित, सुनिता कपुरिया, सुरेश कल्ला, विकास बुडानिया, रामजीलाल शर्मा, आशाराम सैनी, सोहनलाल मेघवाल, जयचंद मेघवाल, सुखाराम घिंटाला, रामनिवास सारण, विकास मील, असलम खां मोयल, आरिफ पिथिसर, शेर खां मलखाण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि भारत संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर स्थल के पास उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई।

## तोदी महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में रविवार को कमला देवी भगवानदास तोदी स्मृति राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय भारत में एआई क्रांति (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अवसर, चुनौतियां एवं समाधान रखा गया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में सीकर, चूरू, झुंझुनू, रतनगढ़, लाडनूं, नवलगढ़, सुजानगढ़ व लक्ष्मणगढ़ के 18 महाविद्यालयों से कुल 116 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने एआई के वर्तमान स्वरूप, भविष्य की संभावनाओं, रोजगार व शिक्षा पर प्रभाव तथा इससे जुड़ी चुनौतियों पर अपने विचार रखे।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 11,000, 7,100 व 5,100 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा वरीयता सूची में चयनित 20 प्रतिभागियों को 500-500 रुपए नगद सांत्वना पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक महेश कुमार अग्रवाल व सहसंयोजक मनीष देव मील के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में (ले.) डॉ. नरेश कुमार वर्मा, घनश्याम वर्मा, डॉ. पवन कुमार निर्वाण, मोहम्मद फारुक, लक्ष्मण राम मेहरा सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने सहयोग किया।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 292 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर जगदीशप्रसाद पांडिया व सावित्री देवी पांडिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र मदनलाल पांडिया बरजांगसर कोलकाता प्रवासी के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब शहरी राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ शिवभगवान पांडिया, पवनकुमार पांडिया ने फीता काटकर किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ दीपशिखा यादव व उनकी टीम ने 292 मरीजों की जांचकर ऑपरेशन के लिए 66 मरीजों को चयनित किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि सभी चयनित 66 मरीजों को बस से जयपुर ले जाया गया। दिसंबर माह कैंप के ऑपरेशन किए, 158 मरीजों को चश्मे भेंट किए गए। शिविर में 158 मरीजों की बीपी, शुगर की जॉच की गई।इस शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, अनिल गोयल, उमरदीन सैयद, घनश्याम बोचीवाल, आसकरण सोनी, मुबारक तुगलक, महेंद्र माली, सागर झेंडू, डॉ पूनमचंद भाटी, देवचंद सोनी, सुभाष जांगिड, कैलाश भाटी, सत्यनारायण जांगिड, प्रभुदत्त भोजक, मदनलाल पारीक, अभिमन्यु लाटा, फुसाराम स्वामी, गंगाराम सुथार, सुमन कंवर, कृष्ण तिवाड़ी, अयूब आदि ने सहयोग किया।

## युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र व प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा ने लिया नायक प्रशिक्षण ऋषिकेश में भाग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** देश के विप्र फाउंडेशन की ओर से ऋषिकेश की पावन धरा पर आयोजित दो दिवसीय नायक प्रशिक्षण शिविर में विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र व प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा सहित जिले से राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रदेश महामंत्री अरविन्द गौड़, जिलाध्यक्ष शम्भु दयाल शर्मा, बाबु मोसाय के राष्ट्रीय प्रभारी रामवतार शर्मा व जिला महामंत्री प्रमेन्द्र महर्षि व युवा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने दो दिवसीय शिविर में भाग लेकर समाज व संगठन के प्रति अपने दायित्व को पूरा किया। इस अवसर पर मिश्र ने बताया कि ऐसे आयोजन से पूरे समाज को भव्यता और ऊर्जा के साथ गतिमान होगा। ऋषिकेश की इस पावन भूमि पर नेतृत्व की ओर से संगठन की बारीकियों को सीखने और आपके प्रत्यक्ष मार्गदर्शन को प्राप्त करने का मौका मिला। मिश्र ने कहा कि विप्र यह नायक शिविर मेरे लिए यह केवल एक शिविर नहीं बल्कि समाज के प्रति अपनी भूमिका को और प्रखर करने का एक सुअवसर था। संगठन के शीर्ष नेतृत्व की ओर से दिए जाने वाले महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों और सांगठनिक कौशल के मंत्रों को सुनकर एक समर्पित सिपाही की तरह स्वयंम को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। मिश्र ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारी उपस्थिति निसंदेह मन और निष्ठा से निरंतर संगठन के उद्देश्यों के साथ जुड़ी है। शिविर के उपरांत जो भी मार्गदर्शन और निष्कर्ष निकलेंगे। उन्हें हम पूरी निष्ठा के साथ आत्मसात करेंगे और अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय रहेंगे। इस सफल आयोजन के लिए ईश्वर से प्रार्थना है कि यह शिविर ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर साबित हो। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सीए सुनील शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, प्यारे लाल शर्मा सहित सभी जोनल प्रमुखों के साथ साथ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की भी शानदार उपस्थिति रही। इस अवसर पर सम्पूर्ण देश के शीर्ष नेतृत्व व 470 नायकों से यह सिद्ध कर दिया कि अगर विप्र समाज के लिए सम्पूर्ण देश में अग्रणी भूमिका निभाकर कार्य कर रहा है तो वो सिर्फ और सिर्फ विप्र फाउंडेशन ही है। दो दिवसीय नायक प्रशिक्षण शिविर में कुल 9 सत्र आयोजित किया गया। जिसमें आरोहण, सांगठनिक संरचना, अनुषांगिक संस्थाएं, प्रकल्प ओर अर्थ निति, मीडिया आधुनिक यज्ञ भुमि, आरोहण मंत्र, नेतृत्व आरोहण, दीक्षांत समारोह व नव गति नव लय ताल छंद नव आदी महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## शबरी पर कृपा कर श्रीराम ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में चल रही श्री राम कथा के आठवें दिन रविवार को कथा व्यास अयोध्या के संत धर्मदास महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि लालच भक्ति में बाधक बनता है और श्रीराम ने शबरी पर कृपा कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। महाराज ने कहा कि शबरी की भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उनके जूठे बेर खाए, जिससे समाज में समानता का संदेश गया। कथा के दौरान उन्होंने सीता हरण, जटायु मोक्ष, शबरी भेंट और हनुमान मिलन जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे सभी श्रोता भाव-विभोर हो गए। जटायु प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि जो दूसरों की सेवा में लीन रहता है, उसकी चिंता स्वयं भगवान करते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि कैसे जटायु ने माता सीता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, तब प्रभु श्रीराम ने उस गिद्ध जाति के पक्षी को अपनी गोद में उठाकर हृदय से लगाया। इसी कारण तुलसीदास जी ने जटायु को 'मानस में परम बड़भागी' कहा है, जिन्हें भगवान के हाथों मोक्ष प्राप्त हुआ और वे सीधे स्वर्गलोक गए। महाराज ने पुनः शबरी के प्रसंग पर जोर देते हुए कहा कि शबरी भगवान की अनन्य भक्त थीं। श्रीराम ने उनकी भीलनी जाति जानते हुए भी उनके जूठे बेर प्रेमपूर्वक खाए और सामाजिक समरसता का महान संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान की साधना में जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता और श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश भी दिया। सुग्रीव मिलन और बालि वध के प्रसंग के माध्यम से व्यास जी ने समाज को यह संदेश दिया कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसका पतन निश्चित है और धर्म की विजय सदैव होती है। इस अवसर पर प पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी व उनकी पत्नी मुख्य यजमान आदि रहे।

## जरूरतमंदो को गर्म वस्त्रों का वितरण

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** डेरा सच्चा सौदा के द्वितीय गद्दीनशीन सतनाम सिंह महाराज के अवतार माह को डेरा सच्चा सौदा के सेवादार पूरे विश्वभर में मानवता भलाई कार्यों के साथ बड़ी धूमधाम से मना रहे है। इसी कड़ी में सेवादारों ने अपने गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की ओर से चलाए रहे 170 मानवता भलाई कार्यों के तहत सुजानगढ़ शहर के झुग्गी झोंपड़ी कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल व कपड़े वितरित किए और वहाँ जाकर उनको भोजन करवाया। इस मौके पर रवि इंसा, हर्षमीत इंसा, निशा इंसा, पुष्पा इंसा, पूजा इंसा सहित अन्य सेवादार भाई बहन मौजूद रहे।

# नवलगढ़ में राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा के तीसरे दिन नवलगढ़ क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यात्रा के दौरान महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए राष्ट्र की भलाई, सदाचार और भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने का संकल्प लिया। केसरिया मंदिर बावड़ी गेट पर जगदीश पारीक ने चंद्रकला पारिक के नेतृत्व में लगभग 500 महिला-पुरुषों ने गायत्री मंत्र के सिद्धांतों को अपनाने व संस्कारित जीवन जीने का विशाल संकल्प लिया। घूमचक्कर में चिरंजी लाल सैनी के नेतृत्व में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं चौबदारों की ढाणी में ज्ञान प्रकाश सैनी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश का पूजन किया। पुरोहितों के बास में बुधराम कुलहरि के नेतृत्व में दीप यज्ञ का आयोजन कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया गया। सरस्वती साइंस एकेडमी, कारी में सौरभ कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों ने अखंड दीपक व शक्ति कलश का पूजन कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात रथ यात्रा विभिन्न गांवों से होती हुई दुर्गा माता मंदिर बुगाला पहुंची, जहां बजरंग सिंह बुगाला के नेतृत्व में विशाल सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उसके बाद अंतिम कार्यक्रम जाखल ग्राम में पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की ओर से 1962 में जाखल में 24 कुंडिय यज्ञ किया था। उस स्थान कोटडी जाखल में विशाल संस्कार सभा आयोजित की गई।जिसमें नशामुक्ति, चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक देवेंद्र सिंह ओलखा, ब्लॉक प्रभारी कृष्ण कुमार दायमा व रथ संयोजक एडवोकेट कल्याण सिंह झाझड़ ने अत्यंत प्रभावशाली व प्रेरणादायी उद्बोधन दिए, जिससे उपस्थित जनसमूह राष्ट्र सेवा व आत्मिक उत्थान के लिए प्रेरित हुआ। कार्यक्रमों में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी बृज लाल मारोठिया, ट्रस्टी चिरंजी लाल सैनी, भगवती प्रसाद शर्मा, रामपाल मेवानी, ओमप्रकाश धाभाई, शंकर गुर्जर, संतोष दायमा, दीप माला शर्मा, सुरेंद्र सैन, प्रताप सिंह पिलानी, गोविंद सोनी, मदन जांगिड़ गोविंद सोनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। रथ यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में राष्ट्र जागरण का वातावरण बन गया। रथ यात्रा नवलगढ़ क्षेत्र में जन-जन को जागृत कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। रथ यात्रा डूंडलोद, मुकुंदगढ़, नाहर सिंघानी, जेजूसर, नवलडी जाएगी। 13 जनवरी को गायत्री परिवार के चार जिले बीकानेर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं जिले का रथ समापन समारोह होगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में दूसरे स्थान वाली राजाखेड़ा पालिका: सड़के बनी दरिया, नारकीय जीवन जी रहे नागरिक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 2, 3, 4 अम्बरपुर में मेन रोड व वाल्मीकि मोहल्ले की सड़कें अतिरिक्त व गंदे जल की निकासी न होने से दरिया का रूप ले चुकी हैं।जबकि यह मार्ग राजाखेड़ा को उत्तर प्रदेश की सीमा से जोड़ता है यह हालात तो तब है जब स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में राजाखेड़ा नगर पालिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संभागीय रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया था। यह उपलब्धि नगर पालिका के सफाई कर्मियों की कड़ी मेहनत, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन की बदौलत संभव हुई है। जबकि धरातल पर देखा जाए तो नगर पालिका में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत जमीनी हालातों में शून्य दिखाई देते है। शहरी छेत्र नगर पालिका के वार्ड नंबर 2, 3, 4 अम्बरपुर में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व विधायिका मनोरमा सिंह का पैतृक गांव है जहां की सड़के बनी गंदे पानी का दरिया का



रूप ले चुकी हैं। विद्यालय के लिए जान वाले नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राएं इन स्थितियों में बड़ी मशक्कत का सामना करने को मजबूर है। वहीं स्थानीय निवासियों का जीवन भी नारकीय बना हुआ है। आम रास्ते की नालियां सफाई के अभाव में सिल्ट से चौक होकर पानी का निकास करने की जगह सड़को पर ओवरफ्लो कर देती हैं। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण केवल फाइलों में ही दूसरा स्थान प्राप्त करता दिखता है। स्थानीय नगर पालिका को केंद्र सरकार की स्वच्छता रैंकिंग में संपूर्ण राजस्थान जिसमें नगर निगम, परिषद व सभी नगर पालिका शामिल रहीं 16वीं रैंक मिली है, इसी के साथ संपूर्ण भारत की शहरी निकायों में 280 की रैंक मिली है जो राजाखेड़ा शहर के लिए सम्मान की बात है। भरतपुर संभाग में नगर निगम भरतपुर के बाद राजाखेड़ा नगर पालिका को दूसरा स्थान मिला है। इसके साथ ही 3 स्टार रैटिंग में संपूर्ण राजस्थान में 20 से 50 हजार की आबादी में पालिका पहले स्थान पर रही है जिसका समस्त श्रेय नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की मेहनत, डोर टू डोर कचरा संग्रहण की फर्म उड़ान इंडिया को जाता है। स्थानीय नगर पालिका के पास संभाग का सबसे उन्नत डंपयार्ड और एक अत्याधुनिक एफ एस टी पी प्लांट है, जो अपशिष्ट प्रबंधन में इसकी दक्षता को दर्शाता है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और नागरिक जागरूकता अभियानों ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नगर पालिका राजाखेड़ा ने 68 नए सफाई कर्मचारियों को जॉइनिंग देकर राजाखेड़ा नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए प्रयास किए जबकि नगर पालिका राजाखेड़ा में पूर्व में 46 सफाई कर्मचारी ही कार्यरत है।

सरकार के दिशानिर्देशों को धता बताते हुए कुछ जमादारों को तो प्रशासनिक अधिकारियों ने जमादारों को कार्यालय में कुर्सिया प्रदान कर दी है और उनको मंत्रालयिक कार्यों में लगा रखा है जो नियुक्ति से अब तक कभी सफाई कार्य में गए ही नहीं। नगरपालिका सफाई कर्मचारी मनोज कुमार ने बताया कि कुछ जमादार तो हाजिरी देने के लिए भी समस्त कर्मचारी व जमादारों के साथ नहीं आते हैं वह अपनी मर्जी से ही आते जाते हैं। राजाखेड़ा नगर पालिका में दो कनिष्ठ पद होने पर भी जमादारों को स्टोर चार्ज, रोकड़ शाखा जैसे अन्य महत्वपूर्ण चार्ज दे दिए गए हैं तो फिर नगर पालिका में कनिष्ठ लिपिक के पदों को रखने की जरूरत क्यों पड़ी। अगर कनिष्ठ लिपिक पद है तो जमादारों को राजनीतिक संरक्षण में उच्च पद देकर उपकृत क्यों किया गया है जो अपनी मनमर्जी से नौकरी करते है।

## हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे में 18 जनवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति बैठक में सम्मेलन का पोस्टर जारी किया गया। साथ ही आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक आयोजन समिति संयोजक राजकुमार गौतम की अध्यक्षता व संरक्षक दिलदार सिंह राजोरा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। राजकुमार गौतम की ओर से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मातृशक्ति संयोजिका पूजा जोशी ने बताया कि सम्मेलन में महिलाओं की ओर से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महिलाओं ने आयोजन का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## श्री यादे माँ जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल संस्थान के कार्यकर्ताओं की ओर से श्रीयादे माँ जयंती को लेकर विंध्यवासिनी माता मंदिर बिजौलिया में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ऊपरमाल प्रजापति समाज के सभी युवा और भामाशाह शामिल हुए। आगामी 20 जनवरी को प्रजापति समाज की आराध्या कुलदेवी श्री श्रीयादें माँ जन्मोत्सव के पर्व को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने और शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

## खोए मोबाइलों को बरामद कर धारकों को लौटाया




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में थाना बाड़ी सदर पुलिस ने थाना इलाके में खोये या गुम हुए मोबाइलों की गुमशुदगी व सीईआरआई पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर की जाकर खोये या गुम हुए मोबाइलों को सीईआरआई पोर्टल के माध्यम से ट्रैस कर 12 मोबाइल फोनों को बरामद किया गया। जिन्हें दिनांक 11 जनवरी 2026 को महेन्द्र मीणा (आरपीएस) वृत्ताधिकारी बाड़ी व थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा पुलिस निरीक्षक थाना बाडी सदर ने मोबाइल धारकों को बुलाकर उनको सुपुर्द किया गया। खोये या गुम हुए मोबाइलों को ट्रैस व बरामद करने में कांस्टेबल राहुल कुमार थाना बाड़ी सदर की अहम भूमिका रही।

## बाड़ी नगर पालिका की अनूठी पहल, घंटाघर पर गूंजेगी हर घंटे समय की ध्वनि

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के उपखंड बाड़ी नगर पालिका की ओर से शहर की आन-बान-शान कहे जाने वाले ऐतिहासिक घंटाघर को एक नई पहचान दी गई है। नगर पालिका की ओर से घंटाघर के दोनों ओर अत्यंत सुंदर, आकर्षक व आधुनिक घड़ियों की स्थापना की गई है, जिससे अब शहरवासियों को हर घंटे स्पष्ट ध्वनि संकेत के साथ समय की जानकारी प्राप्त होगी। इस सराहनीय कार्य से न केवल घंटाघर की सौंदर्यता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, बल्कि यह शहर की पहचान को और अधिक भव्य व गौरवशाली बनाने का कार्य भी कर रहा है।



नई घड़ियाँ दूर से ही आकर्षण का केंद्र बन रही हैं और आने-जाने वाले नागरिकों के साथ-साथ आगंतुकों का भी ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। नगर पालिका बाड़ी के प्रशासक भगवत शरण त्यागी व अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के मार्गदर्शन में यह कार्य पूर्ण हुआ। दोनों अधिकारियों ने शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बाड़ी को सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हुए इस पहल को साकार किया है।

## भाटी परिवार ने श्री राम गौशाला में 150 किलो की बनाई लापसी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कोलीवाडा रोड पर स्थित श्रीराम गौशाला परिसर में रविवार को भाटी परिवार की ओर से चार क्विंटल की लापसी बनाई गई। भामाशाह मोहनलाल पुत्र गणेशराम भाटी सुमेरपुर वालों की तरफ से गौ माता को लापसी का भोग लगाया गया। गोवंश की सेवा में सर्वप्रथम गौशाला में मोहनलाल व उनकी धर्मपत्नी के साथ उनके सुपुत्र दीपक भाटी भाजपा नेता, गौ सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार सहित उनके परिवार ने गौ माता की पूजा अर्चना कर लापसी का भोग लगाया गया। पूरा भाटी परिवार गौ शाला पहुंचा जहां गौ माता की आरती उतारी, नमन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह गौ माता की सेवा में समर्पित भामाशाह खेतसिंह देवड़ा परिवार की ओर से एक टोली हराचारा खिलाया गया। अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौ माता से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इसी कड़ी में पालनहार के भामाशाह खेतसिंह देवडा परिवार बाँकली की तरफ से उनके पौत्र प्राप्ति की खुशी में गौ माता को एक ट्रॉली हरा चारा खिलाया गया। इस पुण्य कार्य के लिए दोनों भामाशाहो और उनके पूरे परिवार का गौशाला सेवा समिति की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भामाशाह व गौ भक्त चंपालाल पुत्र गेनाजी चांदोरा सुमेरपुर की तरफ से मकर संक्रांति के अवसर पर दो टोली हराचारा खिलाया जाएगा। इस मौके पर चंपालाल चांदोरा, खीमाराम कुमावत, पुखराज कुमावत व्यवस्थापक, पुजारी मोहनदास वैष्णव, गोवारिया वीराराम देवासी, नग़ाराम देवासी, मूलाराम देवासी,चेनाराम देवासी, मोनाराम देवासी आदि गौशाला कार्मिक उपस्थित रहे, और इस पुण्य कार्य में सहयोग





प्रदान किया।

### गौशाला होगा विकसित:

गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि धीरे-धीरे गौशाला विकसित होगा उसके लिए सदस्यों का निरंतर प्रयास जारी हैं। गौशाला को विकसित करते हुए पहली कड़ी में जांव में गोवंश हेतु हरा चारा की बुवाई की गई है। साथ ही 16 कैमरे लगाकर विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसी तरह गौशाला में छाछ बिलोना शुरू किया जिससे जरूरतमंद लोगों को शुद्ध गाय का घी मिल सके। उन्होंने कहा कि गौशाला में वर्षों पुराने जर्जर रूम,छत रिपेयरिंग का कार्य प्रगति पर चल रहा है। इसी के साथ गायों के लिए बने भवन को भी बनाने के लिए प्रयास जारी है। जैसे जैसे दानदाताओं का सहयोग मिलता रहेगा गौशाला अवश्य विकसित होगा। ऐसी सेवा समिति के सदस्यों की मंशा है।

## सड़क सुरक्षा माहः कोहरे में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप जरूरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बसेड़ी राजमार्ग पर परिवहन विभाग की ओर से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान चलाया गया और वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समझाइश की गई। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने वाहन चालकों को बताया कि कोहरे के समय विजिबिलिटी काम हो जाती है ऐसे समय में यदि वहां के पीछे रिफ्लेक्टर लगा होता है तो दुर्घटना की संभावना है काम हो जाती है। उन्होंने कहा कि विशेष कर सर्दियों के समय में अपने वाहनों के रिफ्लेक्टरों को दुरुस्त रखें। अधिकांश दुर्घटनाएं सर्दी की यह समय में विजिबिलिटी कम होने के कारण हो जाती है। सर्दी के समय में कोहरे के समय वाहनों की गति नियंत्रित रखें क्षमता से अधिक वहां में सवारियों को ना बैठा लें।

वही बरैठा चेक पोस्ट पर चलाए गए अभियान में परिवहन निरीक्षक ओम चौधरी ने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप



लगाएं और वाहन चालकों को कोई यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षमता से अधिक वाहनों होने के कारण पूरा हाईवे रात दिन भर कर चलता है। ऐसे में संयम के साथ नियंत्रित गति में अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो रात्रि में यात्रा को टालें। विभाग की ओर से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले के सभी कस्बों में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही अभियान सफल होगा।

## बाड़ी पुलिस की बड़ी कामयाबीः एक साल से फरार 10 हजार का इनामी बदमाश बादल गोस्वामी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**बाड़ी/धौलपुर(निस)।** बाड़ी थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब एक साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश बादल गोस्वामी को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर दस्तयाब किया गया। यह कार्रवाई विकास सांगवान पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार व महेन्द्र मीणा के सुपरविजन तथा थाना बाड़ी के थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 4 जनवरी 2025 को सैंपऊ रोड बाड़ी पर पुरानी जमीनी रंजिश के चलते आरोपी बादल गोस्वामी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदारों पर अवैध कट्टों से फायरिंग कर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पूर्व में 10-10 हजार रुपये के इनामी आरोपी सौरभ व कान्हा को गिरफ्तार किया जा चुका है। डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी को मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी बदमाश फिरोजाबाद शहर में मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसटी टीम ने सतकार टॉकीज के पास से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान बदमाश ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस जवानों ने साहस दिखाते हुए उसे काबू कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की है।

नेशनल हाईवे-44 पर भीषण हादसा

## कैंटर की चपेट में आई बाइक, एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार कैंटर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक के ऊपर पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि बाइक चालक कैंटर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कृष्णराज जागिड़ सिटी सीओ सदर थाना पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हाइड्रा मशीन मंगवाकर कैंटर के नीचे दबी बाइक को बाहर निकाला। काफी मशक्कत के बाद चालक के शव को बाहर निकाला जा सका। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर व्यवस्था संभालते हुए यातायात को सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर कर दिया है।



## फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मांगों को लेकर उठाई मांग, समाधान की मांग

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से मांग की है। संगठन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मासिस्टों की समस्याओं व मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य भवन के निदेशक को पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पीएचसी पर दो फार्मासिस्ट की नियुक्ति करे ताकि डीडीसी का कार्य सही ढंग से हो और सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण दवा वितरण सुनिश्चित हो सके। उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर फार्मासिस्ट का (1 पद ) सृजित किए जाएं जिससे एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग पर रोक लगे और प्रभावी पालन हो। नई भर्ती शीघ्र की जाए (मेरिट + बोनस) पर जिससे अनुभवी फार्मासिस्ट की ओर से दवा वितरण का कार्य व्यवस्थित तरीके से हो और 5-10 सालो से लगे सविदाकर्मियों को सौगात मिले। उन्होंने बताया कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में फार्मासिस्ट को सीमित दवा लिखने, जारी करने का अधिकार मिले निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत,ताकि मरीजों को आवश्यक दवा मिल सके।

## राजाखेड़ा में हरियाली पर कुल्हाड़ी, प्रशासन जता रहा लाचारी

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** राजाखेड़ा उपखंड क्षेत्र के खनपुर रोड पर पर्यावरण संरक्षण के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। गोहदूपुरा गांव के श्मशान घाट के पास सड़क किनारे नीम और बबूल जैसे हरे-भरे वृक्षों की खुलेआम अंधाधुंध कटाई की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। स्थानीय लोगों की ओर से समय रहते सूचना देने के बावजूद कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। एक ओर जहां सरकार और प्रशासन करोड़ों रुपये खर्च कर पौधरोपण करवा रहा है, वहीं दूसरी ओर हरे-भरे वृक्षों की कटाई पर चुप्पी साध लेना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि प्रदूषण भी तेजी से बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



मामले को लेकर जब जिला वन अधिकारी धौलपुर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने उपखंड अधिकारी या तहसीलदार राजाखेड़ा से बात करने की बात कहकर जिम्मेदारी आगे बढ़ा दी। वहीं स्थानीय स्तर पर वन विभाग के सहायक वनपाल और कार्यवाहक फॉरेस्टर की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी मनमर्जी से आते-जाते हैं और अवैध कटाई पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते। हालांकि बाद में वन विभाग की ओर से यह बताया गया कि सहायक वनपाल और कार्यवाहक फॉरेस्टर को पाबंद किया गया है और उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। उधर, राजाखेड़ा की तहसीलदार दीप्ति देव ने कहा कि हल्का पटवारी और गिरदावर से रिपोर्ट लेकर नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या कार्रवाई वास्तव में जमीन पर दिखेगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। खनपुर रोड पर कटे पेड़ प्रशासन की सुस्ती और सिस्टम की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में इस तरह की हरियाली की हत्या पर तत्काल रोक लगे।

### आवश्यक सूचना

सनराईज अर्फोडेबल वेलफेयर सोसायटी, बीरनवास तह. कोटकासिम, जिला खैरथल-तिजारा के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि सोसायटी की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव हेतू महत्वपूर्ण तिथियां निम्न प्रकार निर्धारित है:-

नामांकन फार्म जारी एवं जमा कराने की तिथि:
12.01.2026 से 13.01.2026 सांय 4 बजे तक
नामांकन फार्म वापिस लेने की तिथि: 14.01.2026
चुनाव की तिथि व समय: 15 जनवरी 2026,
प्रात: 11 बजे से सांय 3 बजे तक
चुनाव का स्थान: समिति कार्यालय, बीरनवास, तह. कोटकासिम, जिला खैरथल-तिजारा

नोट: चुनाव हेतू नामांकन फार्म वे ही सदस्य भर सकते है जिन्होने पिछले 5 सालो का सोसायटी मेंटीनेस इत्यादि ड्यूज जमा करके सोसायटी से N.O.C. प्राप्त कर ली है।

चुनाव के समय सदस्यगण अपना आधार कार्ड एवं अपने फ्लैट के बीडा से जारी पट्टे की प्रति साथ लाये आये।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट की ओर से मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से 18 जनवरी को नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर व चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से नि:शुल्क किए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला की ओर से चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा। रविवार को शिविर के बैनर, पैंपलेट का विमोचन यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में किया गया। इस अवसर पर डॉ एस के छाबड़ा, निखिल मोदी, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, हरि तोदी, राजकुमार क्याल, राजेंद्र कनोई आदि उपस्थित रहे।

## खांडल विप्र समिति ने किया प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खांडल विप्र समिति सुजानगढ़ की ओर से मेंहदी, शतरंज व वन मिनट शो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को आगामी 18 जनवरी को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजन में मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया, मंत्री विनय माटोलिया, मनोज नवहाल, पृथ्वीराज नवहाल, राजेश पीपलवा, हरीप्रसाद चोटिया, मुरारी गोवला, रूपेश काछवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष आशीष चोटिया, एडवोकेट शुभम खंडेलवाल, द्विज बोचीवाल,राकेश काछवाल, राम नवहाल, श्यामसुंदर नवहाल, गौरव कृष्ण,सुनील झिकनाडिया आदि समाज बन्धु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट पार्थ नवहाल ने किया।

## गीताजंली पब्लिक स्कूल में एल्युमिनी मीट 2026 का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय स्थित मालजी के कमरे के पास गीताजंली पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में 11 जनवरी को एल्युमिनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षको ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक दामोदर गौतम का सम्मान फूलों के गुलदस्ते से विद्यालय के पूर्व छात्र मयंक महर्षि की ओर से किया गया। विद्यालय के निदेशक गौरव गौतम ने आयोजन में पधारे समस्त पूर्व विद्यार्थियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में विविध प्रकार के रंगारंग प्रस्तुतियां विद्यालय की कक्षा ग्यारवीं की छात्राओं की ओर से दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक विनय गौतम ने आयोजन के उपस्थित सभी व्यक्तियों के साथ अपने विचार साझा किए और उन्होंने विद्यालय के नवनिर्मित भवन का सभी पूर्व छात्र व छात्राओं को भ्रमण करवाया। आयोजन का संचालन कक्षा ग्यारवीं के छात्र आरव जांगिड़ व जयंत भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## खाद बीज गोदाम में लगी आग, लाखों का नुक़सान

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में एन एच 11 पर स्थित चौधरी कृषी सेवा केन्द्र की गोदाम खाद बीज की गोदाम में आग लग गई। दुकान के मालिक बिरबल पुत्र कुरड़ाराम निवासी देवीपुरा हाल एन एच 11 राजलदेसर ने बताया। एन एच 11 बसस्टेण्ड राजलदेसर पर चौधरी कृषि सेवा केन्द्र की दुकान कर रखी है। पास ही गोदाम बना रखी है जिसमें शनिवार शाम को आग लग गई। मै नाई की दुकान ढाडी बनवाने गया तब फोन आया कि आपकी दुकान में आग लग गई। मैंने दुकान आकर देखा तो गोदाम से धुआ निकल रहा था। पडौसियो के साथ मिलकर पानी डालकर आग पर काबू पाया।आग में कुछ कट्टे जलकर नष्ट हो गए और गुणवत्ता नष्ट हो गई। जिससे छ सात लाख रूपये का नुक़सान हो गया। पुलिस ने आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### रास्ता खोलो अभियान में फागी अव्वल, सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए

# जयपुर में विकास की नई राहें : 'रास्ता खोलो अभियान' बना जन-राहत का मजबूत मॉडल, कलेक्टर सोनी की पहल से 1508 रास्ते खुले

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी कर रहे मॉनिटरिंग

### सहमति और समझाइश से हर सप्ताह प्रत्येक तहसील में खुलवाए जा रहे 3 रास्ते





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की प्रभावी अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा 'रास्ता खोलो अभियान' अब ग्रामीण अंचलों में राहत, विश्वास और विकास का पर्याय बन गया है। महज 14 महीनों से भी कम समय में जिले में वर्षों से बंद पड़े 1,508 रास्ते खुलवाकर प्रशासन ने लाखों ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों के लिए खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच आसान कर दी है। इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसे जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनकी संवेदनशील कार्यशैली, फील्ड लेवल पर पकड़ और संवाद आधारित समाधान की नीति ने पुराने और जटिल विवादों को भी सहमति व समझाइश से सुलझाने का रास्ता दिखाया है। यही कारण है कि 'रास्ता खोलो अभियान' आज प्रशासनिक दृढ़ता और जनहित की मिसाल बन चुका है। अभियान के नोडल अधिकारी व अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम तीन रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी रणनीति के तहत 15 नवंबर 2024 से 10 जनवरी 2026 तक उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गईं। तहसीलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो फागी तहसील अव्वल रही, जहां 136 रास्ते खुलवाए गए। इसके बाद मौजमाबाद में 120, आंधी में 101, चौमूं में 91, शाहपुरा में 86, चाकसू में 82, फुलेरा में 81, आमेर व जमवारामगढ़ में 80-80, दूदू में 78, बस्सी में 77, माधोराजपुरा में 76, जोबनेर में 74, रामपुरा-डाबड़ी में 72, किशनगढ़-रेनवाल में 65, कोटखावदा में 63, जालसू में 57, तूंगा में 50, सांगानेर में 27, कालवाड़ में 8 और जयपुर तहसील में 4 रास्ते खुलवाए गए। सिर्फ रास्ते ही नहीं, बल्कि उनके स्थायी समाधान पर भी प्रशासन का फोकस रहा। जिला कलक्टर के निर्देश पर अब तक 300 किलोमीटर से अधिक ग्रेवल रोड और 20 किलोमीटर से अधिक सीसी रोड का निर्माण कराया जा चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और अधिक सुरक्षित व सुगम हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पहले रास्तों के अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई और न्यायालयों में बड़ी संख्या में परिवाद आते थे, जिससे आमजन को समय, धन और संसाधनों की अनावश्यक हानि होती थी। 'रास्ता खोलो अभियान' ने इन समस्याओं का स्थायी और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया है। कुल मिलाकर, जयपुर में चल रहा यह अभियान प्रशासनिक संवेदनशीलता, मजबूत नेतृत्व और जनहितकारी सोच का जीवंत उदाहरण बन गया है, जिसमें जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की सक्रिय भूमिका की हर स्तर पर सराहना हो रही है।

## वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खुलवाने की मांग, राठौड़ को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन दिया अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि तारानगर में सन् 1986 में सिविल न्यायाधीश का न्यायालय सृजित हुआ था जिसको सृजित हुए 39 वर्ष से अधिक हो गये हैं और उक्त न्यायालय में वर्तमान में लगभग 4000 पत्रावलियां विचाराधीन है लेकिन बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम और आर्थिक क्षेत्राधिकार सम्बंधी प्रकरणों से सम्बधित मामलों के लिये तारानगर न्याय क्षेत्र के पक्षकारों को एसीजेएम कोर्ट राजगढ़ जाना पड़ता है। भोगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ तक 120-125 किलोमीटर तक है जिसके कारण भी तारानगर क्षेत्र के न्यायार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पड़ता है। इसलिए तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोले जाने की महति आवश्यकता है। वर्तमान में तारानगर सिविल न्यायालय में 3200 फौजदारी प्रकरण व 800 सिविल प्रकरण सहित लगभग कुल 4000 प्रकरण विचाराधीन है जिससे एक ही सिविल न्यायालय होने से पक्षकारों और अधिवक्ताओ को न्याय प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर से इस मांग पर सहानुभुति पूर्वक विचार कर तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोला जाता है तो पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी। उक्त न्यायालय के लिए अस्थाई भवन न्यायालय परिसर में स्थित पक्षकार प्रतिक्षालय और बार रूम उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी का समापन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** मोहरीदेवी तापड़िया वेद विद्यालय की ओर से आयोजित द्वि दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर मदन मोहन ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ज्योतिष का प्रयोग केवल भविष्यवाणियों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह आत्म-बोध, मानसिक शांति और जीवन प्रबंधन के एक सशक्त टूल के रूप में उभरा है। आधुनिक जीवन की अनिश्चितता और तनाव के बीच, लोग इसे एक 'कॉस्मिक ब्लूप्रिंट' की तरह उपयोग कर रहे हैं। डॉ. नरोत्तम पुजारी ने कहा कि वर्तमान में ज्योतिष का प्रयोग अंधविश्वास के बजाय 'मार्गदर्शन' और 'संभावनाओं के विज्ञान' के रूप में अधिक हो रहा है। यह व्यक्ति को उसके 'कर्म' और 'समय' के बीच संतुलन बिठाने में मदद करता है। अब केवल विवाह के लिए कुंडली मिलान नहीं होता, बल्कि लोग पार्टनर के साथ अपने वैचारिक मतभेदों को सुलझाने के लिए भी ज्योतिष का उपयोग करते हैं। दो लोगों के ग्रहों के बीच ऊर्जा के मिलान को समझकर आपसी संवाद को बेहतर बनाया जाता है। प्राचार्य डॉ. हेमन्त कृष्ण मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ज्योतिष का प्रयोग केवल पारंपरिक कर्मकांडों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक जीवन प्रबंधन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। 2026 के इस दौर में, तकनीक और मनोविज्ञान के मेल ने ज्योतिष को एक नया स्वरूप दिया है। सम्मेलन में काशी हिन्दी विद्यापीठ की ओर से डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. श्वेता विजयवर्गीय, डॉ. ज्योति पुजारी, डॉ. दिनेश कुमार शर्मा सहित कुल 6 विद्वानों को ?विद्या–वाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मदन मोहन झा, सारस्व?त अतिथि सालासर के डॉ. नरोत्तम पुजारी, सम्राट् पंचांग के पं. चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ. सत्यनारायण शर्मा रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ. हेमन्त कृष्ण मिश्र ने किया। पं. कमलेश शर्मा, रजनी शर्मा, विजय महाजन माणक व्यास, चेतन शर्मा, दिलीप पारीक, सिद्धार्थ लाटा, रवि शर्मा, कन्हैया, नलिन जोशी, गणेश, मधुसूदन, रवि पारीक, परमानन्द शर्मा, मुनीन्द्र सहित इसमें भारतवर्ष के 100 से अधिक ज्योतिषाचार्य व शिक्षाविद् सम्मिलित हुए। ज्योतिष, वास्तु, अंकशास्त्र, हस्तरेखा आदि विषयों पर दो दिन मंथन हुआ।

## सुजानगढ़ में होगा 29 वां जिला स्तरीय किसान सम्मेलन तैयारियों को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा सुजानगढ़ का पांचवां तहसील सम्मेलन लालाराम बिजारणियां की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें आगामी 20 व 21 जनवरी को सुजानगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। झंडारोहण के साथ बैठक शुरू हुई। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि किसान सभा पूरे देश में आजादी से पहले 1936 से देश भर के किसानों की लड़ाई लड़ती आई है। मंत्री रामनारायण रुलानिया ने पिछले तीन वर्षों की सांगठनिक रिपोर्ट रखी, जिसमें स्थानीय आंदोलनों की उपलब्धियों की चर्चा की गई। एसएफआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी ने संगठन को मजबूत करने का आहान किया। रामकृष्ण छींपा ने बताया कि संगठन की सदस्यता संगठन का आधार है और आने वाले समय में किसानों की तमाम मांगो को लेकर एक जोरदार आंदोलन का बिगुल जिले भर में किसान सभा बजाएगी। सम्मेलन में 11सदस्य तहसील कार्यकारणी का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष तेजपाल गोदारा और मंत्री रामनारायण रुलानिया, उपाध्यक्ष सागर कांटीवाल, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश डूडी को चुना गया। कार्यकारणी में जगदेव बेड़ा, महबूब बडगुजर, लालूराम बिजारणियां, मुमताज काजी, जयराम टांडी, दीनदयाल गुलेरिया, बुधाराम गुलेरिया को कार्यकारणी सदस्य चुना गया। बैठक में अनेक लोगों ने भाग लिया। कॉमरेड उमराव सिंह ने बताया कि आने वाली 20 और 21 जनवरी को दो दिवसीय जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में होगा, जिसमें जिले भर के किसान सभा के प्रतिनिधि भाग लेंगे दो दिन सम्मेलन में चर्चा कर आगामी कार्यक्रम और कार्यकारणी का चुनाव होगा। बैठक में लिछमणराम गोदारा, लिखमाराम, रामेश्वरलाल, विजय कुमार, भंवरलाल कस्वा, महबूब बड़गुजर, सागर मेघवाल, लियाकत अली, बुधराम खिलेरी, किसनलाल छरंग सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मुस्लिम छींपा समाज ने दिया सामाजिक संदेश, एक साथ 40 जोड़ों का निकाह

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुस्लिम छींपा समाज समिति की ओर से एन.के. लोहिया स्टेडियम में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 40 जोड़े निकाह के बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से समाज की ओर से सामाजिक चेतना के साथ फिजूलखर्ची रोकने, सामाजिक समरसता बढ़ाने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज पर रोक, खर्चीली शादियों पर लगाम, सर्व समाज के साथ सामंजस्य का संदेश भी दिया गया। समिति अध्यक्ष ज्यान मो. भाटी ने बताया कि समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने और विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करने की दिशा में इस तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर सामाजिक समरसता और एकजुटता का संदेश दिया गया है। समिति अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन में महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश के समाज करीब 20 हजार लोग शामिल हुए। समिति अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद भाटी सहित समिति के पदाधिकारियों व समाज बंधुओं ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मंच पर आस पास के जिलों से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजन की खास बात ये रही कि पूरे पंडाल में सामाजिक सद्भाव से जुड़े संदेश लिखे गए। इसी प्रकार सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा....का संदेश भी दिया गया। आयोजन कर्ताओं ने बाहर से आने वाले सभी मेहमानों का साफा पहनाकर अभिनंदन किया। हजारों लोगों ने एक जाजम पर बैठकर भोजन किया और सामाजिक समानता का परिचय दिया। समिति के आवेश राव व अन्य लोगों ने बाहर से आए हुए अतिथियों का मंच से स्वागत किया। इसी प्रकार सामाजिक सद्भाव की पहल पर श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति सुजानगढ़ की ओर से मुस्लिम छींपा समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद भाटी, सचिव लालचंद, कोषाध्यक्ष हनीफ राव, युवा मंडल के अध्यक्ष आवेश राव का स्वागत अध्यक्ष अरविंद सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, सह सचिव रमेश स्वामी, महेश अरोड़ा, राजेन्द्र भामा, सुमनेश शर्मा,मदन लाल भामा, हनुमान सोनी, नंदकिशोर जांगिड़, लोकेश सोनी ने दुप्पटे ओढ़ा कर सम्मान पत्र देकर सम्मान किया।

## मनरेगा को लेकर कांग्रेस आर- पार लड़ाई लड़ने को तैयार, बड़े नेताओं की कमेटी गठित की

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मनरेगा बचाओ संग्राम समन्वय कमेटी गठित की, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सीपी जोशी को कमेटी का समन्वयक बनाया, कमेटी में उम्मेदाराम बेनीवाल, अशोक चांदना, मुरारी मीणा, रोहित बोहरा, वैभव गहलोत गणेश घोघरा,हाकम अली खान डूंगर राम और कई अन्य नेताओं को सदस्य बनाया गया









जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में मनरेगा के समर्थन में और विकसित भारत की राम जी योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आर पार लड़ाई छेड़ दी है इसके लिए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस संग्राम को जबरदस्त तरीके से पूरे प्रदेश में संपादित करने के लिए मनरेगा बचाओ संग्राम समन्वय कमेटी का गठन किया है और इस कमेटी का समन्वयक पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को बनाया है इस कमेटी में कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं को शामिल किया गया है कमेटी में 9 बड़े नेताओं के अलावा कांग्रेस पार्टी के विभिन्न मोर्चे के प्रदेश अध्यक्षों को भी कमेटी का सदस्य बनाया गया है इस कमेटी के मार्फत राजस्थान कांग्रेस मनरेगा के समर्थन में दमदार तरीके से अपना आंदोलन करेगी और इस आंदोलन का मार्गदर्शन निगरानी इत्यादि की जिम्मेदारी इस समन्वय कमेटी को दी गई है जानकारी के अनुसार इस कमेटी की जिम्मेदारी डॉक्टर सीपी जोशी को दी गई और कमेटी में पूर्व मंत्री अशोक चांदना बाड़मेर, जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, दोसा सांसद मुरारी मीणा, राजस्थान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रोहित बोरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत ,कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा , पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर ,हाकम अली खान, डूंगर राम गदर के अलावा कांग्रेस पार्टी के विभिन्न मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष भी इस कमेटी के सदस्य नियुक्त किए गए हैं डोटासरा की ओर से रविवार को जल्दी बाजी में इस कमेटी का गठन किया जाना यह बता रहा है कि राजस्थान कांग्रेस मनरेगा को लेकर आने वाले दिनों में अपने आंदोलन को जोरदार तरीके से संपादित करने वाली है इसीलिए इस कमेटी की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता सीपी जोशी को दी गई जो पूर्व में केंद्र में पंचायत राज मंत्री और राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं इसके अलावा कमेटी में जिन कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है वे सभी नेता काफी एक्टिव हैं इसलिए राजस्थान में मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस का यह आंदोलन दमदार दिख सकता है ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।